* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

11 अप्रैल, 2023
वैशाख, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 171

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

अरुणाचल प्रदेश में गरजे अमित शाह, बोले : सूई की नोक के बराबर जमीन अब कोई ले नहीं सकता




## हूल क्रांति के महानायक अमर वीर शहीद सिद्धो-कान्हो की जयंती के अवसर पर

# SIDHKOFED

## सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वन उत्पाद संघ

अंतर्गत विभिन्न पैक्स/लैम्प्स में सदस्यों को जोड़ने हेतु

## अभियान का शुभारंभ

योजनाओं का शिलान्यास एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह



मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण कार्य विभाग

**श्री विजय हांसदा**
माननीय सांसद, राजमहल

स्थान - भोगनाडीह (बरहेट)
दिनांक - 11.04.2023



P.R. 294838 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# इतिहास की किताबों पर विवाद से लाभ कम, नुकसान अधिक

## ■ एनसीइआरटी की किताबों में बदलाव पर क्यों मचा है हंगामा

## ■ यह राजनीतिक विमर्श नहीं, बौद्धिक चिंतन का विषय होना चाहिए

**आजाद सिपाही विशेष**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) के विद्यार्थी अब कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं में इतिहास की नयी किताबें पढ़ेंगे। इन विद्यार्थियों को इतिहास की पुस्तकों में अब मुगल साम्राज्य, दिल्ली दरबार, अकबरनामा, बादशाहनामा और कई राजनीतिक दलों के उदय की कहानियां पढ़ने को नहीं मिलेंगी। हालांकि, पाठ्यक्रम से मुगल दरबार और अन्य अध्यायों को हटाने पर विवाद भी खड़ा हो गया है। कांग्रेस, माकपा, शिवसेना (उद्धव गुट) समेत कई पार्टियों ने इस कदम का विरोध जताया है। वास्तव में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद यानी एनसीइआरटी की ओर से कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के लिए इतिहास की पुस्तकों का पाठ्यक्रम संशोधित किया गया है। इसे युक्तिकरण या रैशनाइलेजशन कहा जा रहा है। इसके तहत कई बड़े बदलाव किये गये हैं। इन बदलावों की घोषणा पिछले साल जून में ही कर दी गयी थी, लेकिन उत्तरप्रदेश ने इन बदलावों को लागू कर दिया है। शैक्षिक सत्र 2023-24 की नयी किताबें भी आ चुकी हैं। नयी किताबों से राजाओं और उनके इतिहास से संबंधित अध्यायों और विषयों को हटा दिया गया है। एनसीइआरटी की किताबों से वैसे तो कई अध्याय हटे हैं, लेकिन 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम से मुगल दरबार की सामग्री और कुछ कवियों की रचनाओं को हटाने पर विवाद छिड़ गया है। इसको लेकर शिक्षाविदों का कहना है कि अब तक मुगलों को ही ज्यादा पढ़ाया गया है। बच्चों को हर शासक के बारे में इन किताबों के जरिये ही जानकारी मिल सकती है, इसलिए सभी शासकों के बारे में पढ़ाया जाना चाहिए, ताकि आनेवाली पीढ़ी इन शासकों के शौर्य और पराक्रम से परिचित हो सके और अपने देश के इतिहास को गहराई तक समझ सके। भावी पीढ़ी को पढ़ाये जानेवाली किताबों को लेकर पैदा हुआ यह विवाद कहीं से भी राजनीतिक विमर्श का विषय नहीं हो सकता है, बल्कि इसे देश के बौद्धिक चिंतन में शामिल किया जाना चाहिए। इस पूरे विवाद के बारे में विस्तार से बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीइआरटी) के रैशनलाइजेशन के बाद छपी नयी किताबें यूपी सरकार ने पढ़ाने के आदेश दिये हैं। इसके बाद पूरे देश में एनसीइआरटी की ओर से हुए नये बदलावों पर बहस छिड़ गयी है। यह जानना दिलचस्प है कि यह पूरा विवाद क्या है और क्यों किताबों से कुछ टॉपिक हटाने को लेकर इतनी बहस हो रही है। किताबों से गांधी, गोडसे, मुगलों का इतिहास, निराला, फैज की कविताएं आदि हटाने के पीछे इतिहासकार क्या वजहें मान रहे हैं।

### पूरा विवाद क्या है

बीते पांच दिनों से हर तरफ उत्तरप्रदेश को लेकर एक ही चर्चा हो रही है। यह चर्चा है कि यूपी के छात्र अब मुगलों का इतिहास नहीं पढ़ पायेंगे। वजह यह बतायी जा रही है कि योगी सरकार ने नये शैक्षणिक सत्र (2023-24) में एनसीइआरटी की 12वीं कक्षा की नयी किताबें लागू करने का फैसला लिया है। मीडिया में यह बात आते ही हड़कंप मच गया। कई इतिहासकारों ने यह कह कर इस फैसले की आलोचना की कि अगर इतिहास से मुगल निकाल देंगे, तो पढ़ायेंगे क्या। विवाद होने पर सरकार ने स्पष्ट किया कि हम अपनी तरफ से कोई बदलाव नहीं कर रहे। हम तो वही पढ़ाने को कह रहे हैं, जो नये बदलाव के साथ एनसीइआरटी ने किताबों में दिया है।

क्यों यूपी से शुरू हुई यह बहस

जून 2022 में ही एनसीइआरटी ने मुगल इतिहास और शीत युद्ध जैसे टॉपिक वाले अध्याय हटा दिये थे। सीबीएसइ बोर्ड ने इस बदलाव को अपने पाठ्यक्रम में शामिल किया था। लेकिन यूपी बोर्ड में किताबें पहले ही छप चुकी थीं, इस वजह से पिछले साल इन्हें नहीं निकाला जा सका था। यूपी सरकार ने बस थोड़ी देर से 2023 में एनसीइआरटी की बदलाव वाली किताबें पढ़ाने को मंजूरी दी है।

### एनसीइआरटी है क्या, क्यों सवालों के घेरे में

एनसीइआरटी यानी राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद का गठन 1961 में केंद्र सरकार द्वारा किया गया। तमाम जिम्मेदारियों के साथ इसका महत्वपूर्ण काम शोध के आधार पर समय-समय पर शिक्षा में बदलाव करना है। परिषद सम-सामयिक खोजों और समाज में बदलाव के साथ तालमेल बिठाने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ायी जानेवाली किताबों को नियमित रूप से अपडेट करता है। इसी प्रक्रिया में परिषद को कभी सराहना, तो कभी आलोचना का शिकार होना पड़ता है।




### यह पहली बार नहीं है

ताजा मामले में परिषद ने सिलेबस अपडेट करने के लिए युक्तिकरण या रैशनाइलेजशन किया। एक तरफ कोरोना के दौर में सिलेबस घटाया गया, दूसरी तरफ नयी शिक्षा नीति के तहत कुछ बदलाव करने थे। इस बार भी विज्ञान, हिंदी, गणित समेत अन्य विषयों में कुछ टॉपिक जोड़े गये, तो कई टॉपिक हटा दिये गये। वैसे यह पहली बार नहीं है कि एनसीइआरटी की किताबों को अपडेट किया गया है, लेकिन इस बार भारत के मध्यकालीन और समकालीन सामाजिक-राजनीतिक इतिहास सहित सामाजिक विज्ञान के महत्वपूर्ण हिस्सों को हटाने पर परिषद को आलोचना का शिकार होना पड़ रहा है। इससे पहले भी एनसीइआरटी पर तत्कालीन सरकारों के एजेंडे के अनुसार कुछ बदलाव का आरोप लगता रहा है।

### इन तथ्यों को हटाने पर हो रहा ज्यादा बवाल

मुगल दरबार का इतिहास हटाया गया। इसमें विद्यार्थियों को मुगलों का इतिहास पढ़ाया जा रहा था। कक्षा 12 की किताब से 'किंग्स एंड क्रॉनिकल्सः द मुगल कोर्ट' चैप्टर को हटाया गया है। इसी तरह गुजरात दंगों के बारे में एक पूरा पैराग्राफ हटाया गया है, जिसमें कहा गया था कि कैसे रिहायशी इलाके धर्म, जाति और नस्ल के आधार पर बंटे होते हैं और कैसे साल 2002 के गुजरात दंगों के बाद वहां यह और बढ़ा। इस एक पैराग्राफ के साथ अब कक्षा छह से लेकर 12 तक के सामाजिक अध्ययन के पाठ्यक्रम से गुजरात दंगों से जुड़ी जानकारी हटा दी गयी है। इसके बाद गांधी से जुड़े तथ्य, जैसे गांधी उन लोगों द्वारा विशेष रूप से नापसंद किये जाते थे, जो चाहते थे कि हिंदू बदला लें या जो चाहते थे कि भारत हिंदुओं के लिए एक देश बने, ठीक वैसे ही जैसे पाकिस्तान मुसलमानों के लिए था। फिर हिंदू-मुस्लिम एकता के गांधी के दृढ़ प्रयास ने हिंदू चरमपंथियों को इतना उकसाया कि उन्होंने गांधीजी की हत्या के कई प्रयास किये। इसे भी हटाया गया है। ये सारी बातें 12वीं के राजनीतिक विज्ञान की किताब में पढ़ायी जा रही थीं, लेकिन इस साल से नहीं पढ़ायी जायेंगी। साथ ही 12वीं की ही इतिहास की किताब में भी कुछ बदलाव किये गये हैं। इस किताब में महात्मा गांधी की हत्या करनेवाले गोडसे के बारे में कुछ जानकारियां हटायी गयी हैं। इस किताब से हटाया गया कि गोडसे पुणे के ब्राह्मण थे। वह एक चरमपंथी हिंदू अखबार के संपादक थे, जिसने गांधीजी को 'मुसलमानों का तुष्टिकरण करनेवाला' बताया था। इसके अलावा कक्षा सात की किताब से अफगानिस्तान के महमूद गजनी के आक्रमण और सोमनाथ मंदिर पर हमले की बात को बदला गया है। उनके नाम के सामने से 'सुल्तान' शब्द हटाया गया है और जहां लिखा था कि 'उन्होंने लगभग हर साल भारत पर हमला किया', उसे बदल कर 'उन्होंने (1000 से 1025 ईस्वी सन) के बीच भारत पर धार्मिक इरादों से 17 बार हमले किये' लिखा गया है। कक्षा 12 की किताब से आपातकाल और उसके असर के बारे में दिये हिस्से को कम कर पांच पन्नों तक कर दिया गया है।

### इस विरोध के पीछे के तर्क क्या हैं

इस विरोध के पीछे इतिहासकार अलग-अलग तर्क दे रहे हैं। प्रख्यात इतिहासकार प्रोफेसर इरफान हबीब ने एनसीइआरटी किताबों से मुगलों के चैप्टर हटाये जाने पर कहा कि ऐसा करने से दो सौ सालों के इतिहास की जानकारी शून्य हो जायेगी। उन्होंने कहा कि अगर मुगलों का इतिहास नहीं होगा, तो ताजमहल भी नहीं होगा। वहीं जेएनयू के इतिहास के प्रोफेसर प्रो हीरामन ने इसे सही ठहराया और कहा कि इतिहास में मुगल महिमामंडन के लायक नहीं थे। इसके अलावा यूपी सरकार में विपक्षी दल के नेता अखिलेश यादव ने सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की कविताएं हटाने पर विरोध जताया। वहीं कांग्रेस ने इस पर सरकार की इतिहास बदलने की साजिश कहा।

### एनसीइआरटी का इस पर क्या पक्ष है

इस पूरे विवाद पर एनसीइआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने इसे झूठ करार दिया। उन्होंने कहा कि मुगल इतिहास को नहीं हटाया गया है। कोविड लहर के कारण बच्चों पर बहुत ज्यादा दबाव था, ऐसे में रैशनलाइजेशन किया गया। इसके बाद एक्सपर्ट कमेटी ने कक्षा छह से 12 की किताबों का फिर से अध्ययन किया और सुझाव दिया कि अगर एक चैप्टर हटा दिया जाये तो बच्चों के ज्ञान पर भी असर नहीं पड़ेगा और गैर-जरूरी दबाव हट जायेगा। इस पर विवाद की जरूरत नहीं है। और जो नहीं जानते हैं, वे किताब देख लें। उनको दिखेगा कि अभी भी 12वीं कक्षा में एक बढ़िया चैप्टर मुगल काल का पढ़ाया जा रहा है। हम मुगलों का वह चैप्टर पढ़ा रहे हैं, जिससे उनकी नीतियों और कार्यों के बारे में पता चलेगा।

---

# सचिवालय घेराव कार्यक्रम में आने वाले भाजपा के कार्यकर्ताओं को धमका रही पुलिस : दीपक प्रकाश



**सरकार के इशारे पर पुलिस कार्यकर्ताओं को घेराव में पहुंचने से रोकने की कोशिश कर रही**

**राज्य में बालू घोटाला, पेट्रोल, डीजल सब्सिडी घोटाला, धोती-साड़ी घोटाला जैसे दर्जनों घोटाले हुए हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि 11 अप्रैल को सचिवालय का घेराव कर पार्टी हेमंत सरकार की चेहरे की नकाब को उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं में घेराव कार्यक्रम को लेकर जबरदस्त उत्साह है। लेकिन सरकार के इशारे पर पुलिस कार्यकर्ताओं को घेराव में पहुंचने से रोकने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि खूंटी और धनबाद में पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं को धमका रही है। बस एजेंटों को भी थाने में बुलाकर धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हम अपना आंदोलन पूरी तरह अहिंसात्मक रखेंगे। लेकिन डरी-सहमी सरकार हिंसा का सहारा ले सकती है। दीपक प्रकाश प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार हर क्षेत्र में विफल है। झारखंड ऐसा पहला राज्य है, जहां छापे अफसरों के घर में पड़ते हैं और सांप झामुमो, कांग्रेस और राजद के नेताओं के कलेजे पर लोटता है। झारखंड और छत्तीसगढ़ की सरकार में बिचौलियों का एमओयू हुआ है। छत्तीसगढ़ का दलाल नाम बदल-बदल कर झारखंड में शराब का कारोबार और घोटाला कर रहा है। राज्य में बालू घोटाला, पेट्रोल, डीजल सब्सिडी घोटाला, धोती-साड़ी घोटाला जैसे दर्जनों घोटाले हुए हैं। सरकार ने तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा कर दी है। अपराधियों और उपद्रवियों को सरकार से संरक्षण मिल रहा है। सरकार के संरक्षण में ही विदेशी घुसपैठ के कारण संथाल परगना की डेमोग्राफी चेंज हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य के साढ़े 3 करोड़ जनता की भावना का प्रतीक है। हम लगातार राज्य की जनता की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। अब उलगुलान की बारी है। रांची में सचिवालय के घेराव के साथ उलगुलान का डंका पीटा जायेगा। झारखंड के नौजवान, मजदूर, किसान, पिछड़ों के अधिकारों की मांग को लेकर हम इस सरकार को घेरेंगे। प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर और अशोक बड़ाइक मौजूद थे।

### भाजपा का सचिवालय घेराव

## 20 इंस्पेक्टर, 200 दारोगा समेत 1500 पुलिस जवान होंगे तैनात

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा का सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी पूरी कर ली है। शहर में 20 इंस्पेक्टर, 200 दरोगा के अतिरिक्त डेढ़ हजार अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। पुलिस-प्रशासन का पूरा प्रयास है कि राज्यभर से जुटे भाजपा समर्थकों को प्रभात तारा मैदान में ही रोक दिया जाये इसके लिए मैदान के चारों ओर 500 अतिरिक्त जवानों को तैनात किया जायेगा। भाजपा समर्थकों के कार्यक्रम के दौरान आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। बता दें कि भाजपा ने मंगलवार को सचिवालय का घेराव कार्यक्रम तय किया है। इसके लिए राज्यभर से आये समर्थक पहले जगरनाथ मैदान (प्रभात तारा) मैदान में जमा होंगे। वहां से जुलूस की शक्ल में सचिवालय का घेराव करने निकलेंगे।



---

# सीएम हेमंत की पहल पर बोकारो के होनहार अंकित को मिला कोचिंग संस्थान में नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बोकारो के छात्र अंकित कुमार का उच्च शिक्षा ग्रहण करने का सपना अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल के बाद साकार होने का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद बोकारो के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने होनहार छात्र अंकित का कोचिंग संस्थान में नामांकन करा दिया है। यही नहीं अंकित को पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध करायी गयी। अब उसकी पढ़ाई में कोई रोड़ा नहीं है। वहीं दूसरी ओर अंकित की माता बिराजू देवी को डॉ. भीमराव अंबेडकर आवास भी स्वीकृत कर दिया है। प्रखंड कार्यालय से उन्हें आवास स्वीकृति का पत्र भी उपलब्ध करा दिया गया है। अब वह स्वयं सरकार से प्राप्त राशि का इस्तेमाल कर अपना आवास निर्माण करा सकती हैं।



### यह था मामला

दरअसल, मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि बोकारो निवासी अंकित कुमार ने मैट्रिक परीक्षा 2022 में करीब 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से वह आगे की पढ़ाई करने में असमर्थ है। अंकित के पिता शारीरिक रूप से कमजोर हैं और मजदूरी करने वाली मां का एक वाहन दुर्घटना में हाथ-पैर टूट गया था, जिससे पूरे परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। छात्र की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त बोकारो को मामले की जांच कर अंकित की पढ़ाई के लिए हरसंभव सरकारी सहायता पहुंचाने एवं अंकित के परिवार को जरूरी सभी योजनाओं से जोड़कर लाभ पहुंचा कर सूचित करने का आदेश दिया था।

मुख्यमंत्री ने छात्र को भेजे एक संदेश में कहा कि अंकित, अब आप खूब मन लगाकर पढ़ो और खूब आगे बढ़ो। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। मैंने पहले भी कहा है हमारी सरकार में गरीबी को कभी किसी बच्चे की पढ़ाई में रुकावट का कारण बनने नहीं दिया जायेगा। इसलिए आज प्री और पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप में भी 2-3 गुना वृद्धि कर झारखंड के लाखों बच्चों को लाभ दिया जा रहा है।

---

# जनता भी इस लोकतंत्र की हत्यारी केंद्र सरकार से ऊब चुकी है, इसलिए सत्याग्रह में कर रही हमारा समर्थन : अविनाश पांडे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस पार्टी की जय भारत सत्याग्रह आज साहिबगंज और पाकुड़ में आयोजित हुई। सभा को संबोधित करते हुए झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि जयभारत कार्यक्रम में जनता का सीधा जुड़ाव इस बात का सबूत है कि अब जनता भी इस लोकतंत्र की हत्यारी केंद्र सरकार से ऊब चुकी है। सत्याग्रह ही एक सशक्त माध्यम है जिससे इस षड्यंत्रकारी सरकार से लड़ाई लड़ी जा सकती है। राहुल गांधी की सदस्यता षड्यंत्र रच कर रद्द किया गया। जिसे महंगाई देश की गिरती अर्थव्यवस्था, बैंक घोटाले, अडाणी के साथ प्रधानमंत्री के संबंधों की मांग जोर न पकड़े लेकिन हम इस मामले को लेकर हमेशा जनता के बीच रहेंगे।



### हम ना कभी डरे थे ना कभी डरेंगे

झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रतिशोध की राजनीति में धधकते हुए प्रधानमंत्री और उनके सरकार न कांग्रेस को और न ही प्रजातंत्र को डरा पायी है और न ही डरा पायेगी राहुल गांधी अपने लिए नहीं बल्कि देश में आपसी भाईचारा बना रहे, निम्नवर्गीय, मध्यमवर्गीय परिवार, किसान, मजदूर के चेहरे पर मुस्कुराहट हो, उनका पेट खाली न रहे इसकी लड़ाई लड़ रहे हैं।

www.epaper.azadsipahi.in

11 अप्रैल, 2023
वैशाख, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 171

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

ट्विटर पर एलन मस्क ने किया पीएम मोदी को फॉलो, लिस्ट में जो बाइडन और ट्रंप का नाम नहीं









## चुनाव आयोग ने एनसीपी, टीएमसी और सीपीआइ से नेशनल पार्टी का दर्जा छीना आप अब राष्ट्रीय पार्टी बनी

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने तीन राष्ट्रीय पार्टियों और दो क्षेत्रीय पार्टियों से दर्जा वापस लिया है। वहीं एक पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया। निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रवादी कांग्रेस (एनसीपी), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (सीपीआइ) का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा वापस ले लिया है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी को अब राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया है। कर्नाटक चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के लिए यह एक अच्छी खबर है।

### गोड्डा में आयोजित विकास मेला सह जनता दरबार में शामिल हुए सीएम

# आर्थिक रूप से इतना सशक्त बनें कि मुफ्त अनाज न लेना पड़े: हेमंत

- 89 परियोजनाओं की सीएम ने दी सौगात
- 21,482 लाभुकों के बीच बांटी 2840.29 लाख की परिसंपत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोड्डा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पदाधिकारी भी पहुंच रहे हैं। सरकार भी जा रही है और योजनायें भी हकीकत में उतर रही हैं। हमारी स्पष्ट सोच है कि राज्य के सुदूरवर्ती और दूरस्थ गांवों में भी विकास रफ्तार पकड़े। हमारी कोशिश हर व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। ताकि उसे मुफ्त आनाज लेने की कभी जरूरत ही ना पड़े। इस दिशा में कई योजनाएं चल रही हैं। इन योजनाओं का मकसद आपको समृद्ध और खुशहाल बनाना है। आप भी सरकार की योजनाओं को जानने -समझने का प्रयास करें और उसका लाभ लें। मुख्यमंत्री मंगलवार को तसरिया (सुंदरपहाड़ी, गोड्डा) में आयोजित विकास मेला सह जनता दरबार को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 89 योजनाओं की सौगात दी। इसमें 18637. 81 लाख रुपये की 31 योजनाओं का उद्घाटन और 35065.64 लाख रुपये की 58 योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके अलावा 21482 लाभुकों के बीच 2840. 29 लाख रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

**उच्च अधिकारी पहुंच रहे हैं गांव तक :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार में अधिकारियों की सोच और कार्यशैली बदल चुकी है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मार्फत गांव-पंचायत में शिविर के जरिए लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ। उच्च अधिकारी सरकार की योजनाओं को लेकर आपके दरवाजे पर पहुंच रहे हैं। आगे भी इस तरह के शिविर आयोजित होते रहेंगे।

**योजनाओं से जुड़ने में महिलाएं आगे :** हेमंत सोरेन ने कहा कि यहां की महिलाएं सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए बढ़ चढ़कर आगे आ रहीं है। वे इन योजनाओं से जुड़ कर आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और सशक्त बन रहीं हैं। उन्होंने कहा कि पीडीएस दुकानों के संचालन का जिम्मा महिला मंडलों को दिया जायेगा।

**नियुक्ति प्रक्रिया और स्वरोजगार योजनाएं शुरू:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जो पढ़े लिखे हैं और नौकरी करना चाहते हैं, उनके लिए सरकारी विभागों में खाली पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निजी क्षेत्र के संस्थानों और कंपनियों में भी स्थानीय युवाओं के लिए 75 प्रतिशत नौकरी सुरक्षित करने का कानून बना दिया गया है। जो कम पढ़े लिखे हैं और स्वरोजगार करना चाहते हैं, उनके लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना समेत कई योजनाओं को सरकार ने शुरू किया है।

**बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की पहल :** हेमंत ने कहा कि राज्य के बच्चे-बच्चियों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। कई विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां निजी विद्यालयों की तर्ज पर पढ़ाई होगी। सरकार ने बच्चों की छात्रवृत्ति की राशि भी बढ़ा दी है। इसके साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर इंजीनियरिंग और मेडिकल आदि की पढ़ाई के लिए भी सरकार सहायता दे रही है। पढ़ाई का खर्च सरकार वहन करेगी।

**कार्यक्रम में थे मौजूद :**कार्यक्रम में सांसद विजय हांसदा, विधायक प्रदीप यादव और दीपिका पांडेय, जिला परिषद अध्यक्षा बेबी देवी, डीआइजी सुदर्शन मंडल, उपायुक्त जीशान कमर और पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा समेत जिला प्रशासन के कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### पीएमएलए अदालत ने मनी लांड्रिंग मामले में आरोप तय किया

# पूजा सिंघल, सुमन और शशि प्रकाश के खिलाफ आरोप गठित







- निलंबित आइएएस, सीए और इंजीनियर पर अब आरोपी के रूप में होगी सुनवाई
- पीएमएलए की धारा तीन और चार के तहत चलेगा ट्रायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनी लांड्रिंग मामले में इडी की विशेष अदालत (पीएमएलए कोर्ट) ने आरोप तय कर दिया है। निलंबित आइएएस पूजा सिंघल, सीए सुमन कुमार और इंजीनियर शशि प्रकाश पर आरोप गठन (चार्ज फ्रेम) कर दिया गया है। इडी कोर्ट ने पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की धारा 3 और 4 के तहत पूजा सिंघल के खिलाफ आरोप गठित किया है। अब पूजा सिंघल के खिलाफ ट्रायल शुरू किया का सकता है। पीएमएलए की धारा 3 और 4 के तहत ही पूजा सिंघल को ट्रॉयल फेस करना होगा। बता दें कि दोनों पक्षों की ओर से बहस होने के बाद कोर्ट ने आरोप गठन के लिए 10 अप्रैल की तिथि निर्धारित की थी।

**कोर्ट ने इडी की जांच को ग्रीन सिग्नल दे दी :** जानकारी हो कि इन दिनों पूजा सिंघल अंतरिम जमानत पर है। ऐसे में कोर्ट ने इडी की जांच को ग्रीन सिग्नल दे दी है। अब इस मामले में ट्रायल किया जा सकेगा। उधर, इडी कोर्ट ने बीते 3 अप्रैल को पूजा की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। पूजा सिंघल फिलहाल प्रोविजनल बेल पर है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें कई शर्तों के साथ दो महीने की अंतरिम जमानत दी है। पूजा एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकती हैं।

**वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुए पेश :** सीए सुमन कुमार निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए हैं। वहीं, शशि प्रकाश इंजिनियर हैं। दोनों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। शशि प्रकाश ने खुद कोर्ट के समक्ष सरेंडर किया था। वहीं सुमन कुमार को इडी ने गिरफ्तार किया था। सुमन कुमार के पास से एजेंसी को भारी मात्रा में नकद राशि और कई दस्तावेज बरामद हुए थे।

इडी ने जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की और शशि प्रकाश और सुमन कुमार को मनी लाउंड्रिंग का आरोपी बनाया। दोनों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट के समक्ष पेश किया गया था। कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ भी आरोप गठित कर दिया है। अब दोनों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के केस में ट्रायल चलेगा।

# जमशेदपुर हिंसा: तनाव बरकरार, आरपीएफ तैनात, इंटरनेट बहाल

- भाजपा नेता अभय सिंह समेत 55 गिरफ्तार
- ड्रोन से हो रही निगरानी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में 10 अप्रैल की रात कथित तौर पर धार्मिक झंडे में मांस बांधने की घटना के बाद भड़की हिंसा के बाद तनाव बरकरार है।

जानकारी के मुताबिक शास्त्रीनगर ब्लॉक-2 में भड़की हिंसा के बाद पुलिस बल की भारी तैनाती की गयी है। रैपिड एक्शन फोर्स (आरपीएफ) को उतारा गया है। भाजपा नेता अभय सिंह समेत 55 लोगों को अब तक गिरफ्तार किया गया है। 19 घंटे बाद सोमवार को शाम छह बजे इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गयी। साथ ही हिंसा प्रभावित इलाके की ड्रोन से निगरानी की जा रही है।

**हिंसा में संलिप्त लोगों की पहचान जारी :** शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस चौकसी बढ़ा दी गयी है। भारी संख्या में पुलिस बल और आरपीएफ को तैनात किया गया है। हिंसा में संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहनु है कि हालात नियंत्रण में है। घटना के विरोध में जमा हुई भीड़ को वापस घर भेज दिया गया। पुलिस और आरएएफ के जवान गश्त कर रहे हैं।

**उपायुक्त ने अफवाह ना फैलाने की अपील की :** पूर्वी सिंहभूम की उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि हम स्थिति का आकलन कर रहे हैं। शहर में हालात सामान्य करने के लिए शांति समिति की बैठक की जाएगी। शहर में दोनों समुदायों के बुद्धिजीवियों से संवाद स्थापित किया जा रहा है।

उपायुक्त विजया जाधव ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर भरोसा ना करें और ना ही अफवाह फैलाएं। हिंसा प्रभावित इलाकों में धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गयी है।




# भाजपा आज करेगी सचिवालय का घेराव, तैयारी पूरी

### राज्य के विभिन्न हिस्सों से तीन लाख कार्यकर्ताओं के जुटने की उम्मीद : रांची पुलिस-प्रशासन चौकस, जगह-जगह बैरिकेडिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा ने झारखंड सरकार पर भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की नीति अपनाने का आरोप लगाया है। पार्टी द्वारा विरोध दर्ज कराने के लिए 11 अप्रैल को सचिवालय का घेराव किया जा रहा है। भाजपा ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। पार्टी नेताओं की मानें तो पूरे राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग तीन लाख कार्यकर्ता घेराव के लिए जुटेंगे। पार्टी की ओर से एक नारा लगाया गया है जिसके तहत कहा गया है 'हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ'। सचिवालय घेराव कार्यक्रम में आम जन भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को पार्टी के रांची स्थित प्रदेश कार्यालय से प्रचार वाहन भी रवाना किया गया है।

मंगलवार को सचिवालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दूर-दराज के जिलों से कार्यकता सोमवार से ही रांची पहुंचने लगे हैं। वहीं, मंगलवार सुबह कार्यकर्ताओं का हुजूम विभिन्न जिलों से पहुंचने लगेगा। पार्टी नेताओं की मानें तो संथाल परगना से ही 25 हजार कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं। संथाल क्षेत्र से आने वाली ट्रेन गोड्डा-रांची इंटरसिटी, दुमका-रांची इंटरसिटी, वनांचल एक्सप्रेस, मौर्य एक्सप्रेस और पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन से मंगलवार सुबह भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इसके अलावा बस और निजी वाहनों से भी रांची के कार्यक्रम में हिस्सेदारी लेने पहुंच रहे हैं। इसी तरह रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, जमशेदपुर समेत अन्य जिलों से लोग मंगलवार सुबह से पहुंचने लगेंगे।

उधर, पुलिस-प्रशासन ने भी भाजपा के सचिवालय घेराव को लेकर पूरी तैयारी कर ली है। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयारी की गयी है। सूत्रों के मुताबिक प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों की बैठक हुई है। इसमें घेराव करने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को कहां और कैसे रोकना है आदि पर विचार किया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार भाजपा के नेता और कार्यकर्ता रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में एकत्र होंगे। वहां से गोल चक्कर होते हुए सचिवालय घेराव के लिए जायेंगे। इसे देखते हुए पुलिस ने धुर्वा गोल चक्कर से लेकर प्रोजेक्ट भवन यानी सचिवालय तक जगह-जगह पर बैरिकेडिंग कर दी है। इसके अलावा सुरक्षा के मद्देनजर स्मार्ट सिटी समेत अन्य रास्तों से सचिवालय गेट तक पहुंचने के रास्तों में भी बैरिकेडिंग की गयी है, ताकि घेराव करने वालों को सचिवालय तक जाने से रोका जा सके। जिला प्रशासन ने गाइडलाइन भी जारी कर दिया है।

### सचिवालय को जोड़ने वाली सड़क पर निषेधाज्ञा लागू

रांची। भाजाप के घेराव को देखते हुए जिला प्रशासन ने सचिवालय क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़कों और इसके 200 मीटर परिधि तक निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। प्रशासन की ओर जारी सूचना के अनुसार धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धुर्वा गोलचक्कर से प्रोजेक्ट भवन से चांदनी चौक, हटिया को जोड़ने वाली सड़क तथा इस सड़क के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी किया गया है। इस क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलना पर पांबदी होगी। अस्त्र-शस्त्र, किसी प्रकार का हरवे-हथियार आदि लेकर निकलना या चलने पर पांबदी रहेगी। किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा दिनांक 11.04.2023 के सुबह आठ बजे से रात्रि 11.30 बजे तक के लिए लागू रहेगा। यातायात पुलिस द्वारा लोगों से अपील की गयी है कि किसी कार्यवश प्रोजेक्ट भवन या आसपास के कार्यालयों में जाने के लिए बिरसा चौक से चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन जाने वाले मार्ग का उपयोग करें।

## कुआं से युवक का शव बरामद

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को कोडरमा थाना अंतर्गत बजरंग नगर में एक कुआं से युवक का शव बरामद किया गया। युवक पहचान नीरज कुमार राम (उम्र 30 वर्ष पिता स्वर्गीय राजेंद्र राम, कोडरमा) के रूप में हुयी है। जानकारी के अनुसार अपने घर से सोमवार की सुबह 9 बजे निकला था। नीरज पानी जार पहुंचाने का काम करता था। बजरंग नगर के लोगों ने बताया कि कुएं में से पानी निकालने के दौरान देखा कि कोई आदमी गिरा हुआ है। घटना की जानकारी पुलिस को मिलने के बाद एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर और थाना प्रभारी द्वारिका राम पहुंचे। शव को कुएं से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं पुलिस आत्महत्या या हत्या को लेकर मामले की जांच कर रही है।

## जमीन कब्जा करने का मामला आया सामने

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया में इन दिनों जमीन माफियाओं से लोगों को डरकर रहना पड़ रहा है। एक ही जमीन की कई बार बिक्री तो वहीं जबरन कब्जा करने का मामला देखने को आ रहा है। ऐसे ही एक मामले में रविवार को चित्रगुप्त नगर में जमीन कब्जा करने का मामला सामने आया। इस दौरान जमीन की बाउंड्री तोड़ी गयी तो वहीं मारपीट की घटना भी हुयी। घटना के दौरान जब वीडियो बनाया जाने लगा तो जमीन कब्जा करने पहुंचे लोग वहां से फरार हो गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

## खांगटा कंपटीशन का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के पूर्णानगर पंचायत भवन में डिस्ट्रिक्ट खांगटा कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें कोडरमा एवं जयनगर प्रखंड के अलग-अलग विद्यालयों के लगभग 65 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत फीता काटकर जेजे कॉलेज के प्रोफेसर रामलखन प्रसाद ने की। मौके पर विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य शत्रुघ्न प्रसाद, मुकेश कुमार, लल्लन यादव एवं गीता देवी उपस्थित रहे। आसनसोल से आये स्पोर्ट्स ट्रेनर विमल कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। जीते हुए प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जीते हुए प्रतिभागी राज्य स्तरीय खेल में भाग लेंगे जिस का आयोजन धनबाद में होगा। एसोसिएशन के जिला सचिव शंकर राम एवं जिला अध्यक्ष धीरज बक्शी ने भविष्य में बेहतर प्रतियोगिता आयोजन कराने को आश्वस्त किया है।

## कोविड-19 की तैयारी को लेकर मॉक ड्रिल

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मरकच्चो में सोमवार को कोविड-19 की तैयारी को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। कोविड 19 के बढ़ते प्रकोप की संभावना को देखते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रदीप बैठा के देखरेख में मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें कोविड 19 से संबंधित सभी गतिविधि मरीज की देख रेख, ऑक्सीजन की जांच, रैट की जांच, ऑक्सीजन की तैयारी आदि किया गया। मौके पर बीडीएम सह बीपीएम धर्मेंद्र राम, बीएएम सतीश कुमार वर्नवाल, ए एन एम संजूला कुमारी, ओटी सहायक नीरज कुमार, बीटीटी गंगाधर दास आदि उपस्थित थे।

## जंगल में लगी भीषण आग पर पाया काबू

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरौन पंचायत के नवाडीह एवं पांडु के जंगल में रविवार की देर शाम अचानक भीषण आग लग गयी। आग जंगल में तेज गति से बढ़ने लगी। आग लगने की सूचना उक्त पंचायत के उप मुखिया सलीम अंसारी ने अग्निशमन व स्थानीय थाना को दी। उससे पहले अपने साथियों के साथ जंगल में जाकर लाठी और झाड़ी के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। जिससे जंगल को नुकसान होने से बचा लिया गया। उप मुखिया सलीम अंसारी ने बताया कि अग्निशमन वाहन को वापस भेज दिया गया।

## भाकपा जिला परिषद की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रामेश्वर चौधरी की अध्यक्षता में की गयी। संचालन अंचल मंत्री अर्जुन यादव ने किया जिसमें कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने प्रस्तुत किया। भाकपा राज्य मंत्री महेंद्र पाठक ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में ईडी एवं सीबीआई कागज जमा कर देश चलाना चाहते हैं। इनके शासनकाल में लोकतंत्र खतरे में है, लोकतंत्र बचाने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी 14 अप्रैल 2023 को अंबेडकर जयंती मना कर 15 अप्रैल से पूरे राज्य में पदयात्रा चलाने का फैसला लिया गया है। गांव गांव में भाजपा एवं मोदी का कथनी और करनी के बारे में बताना है। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि कोडरमा जिले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत कर जिले में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन को तेज किया जाएगा। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा जिले में प्राइवेट स्कूलों में मोटी फीस और किताबों व स्कूल ड्रेस के नाम पर कमीशन खोरी से अभिभावकों की कमर टूट रही है। हरेक स्कूल का किताबों व ड्रेसो की दुकानों से सीधा समझौता है। अभिभावकों से वसूली जाने वाली मोटी रकम का हिसाब स्कूल संचालकों की जेब तक पहुंच रहा है। बैठक में 16 मई को जयनगर प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने एवं 17 अप्रैल को महिला समाज का बैठक कर सम्मेलन करने पर विचार किया जाएगा। वहीं 1 मई 2023 को मजदूर दिवस मनाने का फैसला लिया गया। बैठक को पुरुषोत्तम यादव, सोनिया देवी, अर्जुन यादव, रामेश्वर यादव, सच्चिदानंद पांडे, वीरेंद्र यादव, रमेश यादव, रामचंद्र यादव, सुखदेव पांडे, सिकंदर कुमार, रंजन कुमार रजक, कयूम उद्दीन, रामकृष्ण शर्मा, रामचंद्र यादव, प्रदीप कुमार रजक, कामेश्वर पंडित, राजेंद्र प्रसाद यादव, विश्वनाथ रविदास, काली सिंह, रामेश्वर चौधरी, बलवा देवी, बसमतिया देवी, सरिता रानी आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन राजेंद्र प्रसाद यादव ने किया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट कोडरमा में 16 अप्रैल से

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी 16 अप्रैल से इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट झारखंड के कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद, लातेहार और देवघर में खेले जायेंगे। कोडरमा वेन्यू में पश्चिमी सिंहभूम, रामगढ़, चतरा और कोडरमा की टीम खेलेगी। उसके बाद सुपर लीग के मैच का भी आयोजन यहां दिया गया है। यह टूर्नामेंट चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में खेला जायेगा। टूर्नामेंट की तैयारी जोरों से की जा रही है। केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने बताया कि पुलिस लाइन मैदान के टर्फ विकेट सभी मैच खेले जायेंगे। टूर्नामेंट की तैयारी को लेकर मैदान को पूरी तरीके से सजाया जा रहा है। जेएससीए के पदाधिकारियों के लिए मंच का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था भी की जा रही है।

## मजदूरों का खाता सत्यापित कराने का निर्देश



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में मनरेगा में मजदूरों का मजदूरी भुगतान 1 अप्रैल से आधार बेस पेमेंट सिस्टम के माध्यम से अनिवार्य रुप से किया जाना है। जिन मजदूरों का खाता सत्यापित नहीं है, उनका मजदूरी भुगतान संभव नहीं हो सकेगा। इस आलोक में उप विकास आयुक्त, कोडरमा द्वारा 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक कोडरमा जिला के सभी पंचायतों में कैम्प लगाकर आधार का सत्यापन एवं ई-केवाईसी कराते हुए सभी लाभुकों को एबीपीएस से भुगतान हेतु योग्य करने का निदेश दिया गया है। जिसमें पंचायत भवन में सभी ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया एवं अन्य का सहयोग लेते हुए सत्यापन का कार्य कराएँगे। सभी मनरेगा श्रमिकों से अपील है कि अपने नजदीक के पंचायत मे जा कर आधार का सत्यापन एवं बैंक जाकर ई-केवाईसी कराएं जिससे ससमय मजदूरी भुगतान किया जा सके।

# झारखंड की लूट और झूठ की सरकार का पर्दाफाश करेगी आजसू : विकास राणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** दस अप्रैल 2023 को आजसू पार्टी की बैठक बंशीलाल चौक स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता आजसू पार्टी के केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह ने किया तथा मंच संचालन केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा ने किया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए । बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार 13 अप्रैल 2023 को आजसू पार्टी सामाजिक न्याय मार्च की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया । 13 अप्रैल को जिला मुख्यालय में आजसू पार्टी के हजारो कार्यकर्त्ता ओबीसी आरक्षण, स्थानीय निति एवं नियोजन निति को लेकर उपायुक्त को मांगपत्र सौंपेंगे । सामाजिक न्याय मार्च के माध्यम से हजारीबाग जिला मुख्यालय उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंग। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि 13 अप्रैल को जिला मुख्यालय में पार्टी के हजारो कार्यकर्त्ता सामाजिक न्याय मार्च के माध्यम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे । अपने सम्बोधन में जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा की झारखण्ड में सिर्फ झूठ और लूट की सरकार चल रही है। विकास के सारे कार्य ठप्प हो गए हैं झारखंड के सारे युवा आज रोजगार की तालाश में दर दर भटक रहे हैं पांच लाख नौकरी देने का वादा करने वाली सरकार अभी तक पांच सौ नौकरी नहीं दे सकी है। इसके विरोध में आजसू पार्टी ने अब सड़क पर उतरकर जन आंदोलन करेगी। आजसू पार्टी की बैठक में केन्द्रीय सदस्य आनंद सिंह, केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा, महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव संगीता बरला, महिला जिला अध्यक्ष सुहानी एक्का, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा, सदर प्रखण्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश देव, दारू प्रखण्ड अध्यक्ष राजू प्रसाद, महानगर अध्यक्ष आफताब आलम, कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव, सूरज कुमार, अविनाश कुमार पिंकू, जितेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## जेल से निकलीं पूर्व विधायक ममता देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी बोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग से सोमवार की शाम चार बजे बाहर निकली । पांच अप्रैल को ही झारखंड हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत दी थी। जमानत मिलने के बाद कोर्ट की प्रक्रिया पूरी करने पर वह बाहर निकल पायी। बाहर निकलने के बाद उन्होंने कहा कि जनता की सेवा में आगे भी इसी तरह काम करती रहेंगी। आने वाले 2024 में भले ही वह चुनाव नहीं लड़ पाएंगी, लेकिन आम जनता की आवाज बनकर सेवा करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर वे लोग आगे उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएंगी। उन्हें विश्वास है कि उन लोगों को न्याय भी मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद वह चुनाव तो नहीं लड़ पाएंगी, लेकिन अपने क्षेत्र के मुद्दों को लेकर सरकार तक उनकी बातें जरूर पहुंचाने का काम करती रहेंगी।

## अंग्रेजी शराब लोडेड कार पकड़ायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एनएच 33 में रविवार रात्रि गश्ती के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर एक टाटा नेक्सन गाड़ी को अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिसमें करीब 700 पाउच अंग्रेजी शराब पाया गया। तत्पश्चात सभी शराब को विधिवत जब की सूची बनाकर जप्त किया गया तथा दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें सुजीत कुमार पिता स्वर्गीय योगेंद्र प्रसाद ग्राम पुरनी थाना देवरी जिला गिरिडीह, स्थाई पता थाना सूर्यगढ़ा जिला लखीसराय और श्याम कुमार पिता अवध केवट ग्राम तकिया थाना दीपनगर जिला नालंदा को विधिवत गिरफ्तार कर इस संबंध में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 83/23 उत्पाद अधिनियम दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### चौपारण के ताजपुर स्थित 60 घरों में एक महीने से जलापूर्ति बंद

## बूंद-बूंद पानी को तरसते लोगों ने विधायक आवास का किया घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**चौपारण।** प्रखंड के ताजपुर पंचायत के 60 घरों में पिछले एक महीने से जलापूर्ति बंद है। जिससे ग्रामीणों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी धीरे धीरे उफान की ओर है और ऐसे समय ग्रामीणों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पानी की किल्लत से ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर है।

पंचायत ताजपुर के टोला नावापर के ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर विधायक आवास का घेराव करते हुए विधायक सह सभापति अकेला यादव से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समस्या को अवगत करवाया। ग्रामीणों ने कहा पिछले एक माह से हमारे टोला में लगा जलमीनार का मोटरपंप खराब है। जिसके कारण टोला के 60 घरों में जलापूर्ति बाधित है। जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या के साथ साथ अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर विधायक ने त्वरित संज्ञान लेने का बात कहा और पीएचडी के अधिकारियों को जल्द ठीक करवाने की बात कही।

इस दौरान सुबोध कुमार, गुलाब कुमार शर्मा, सन्तोष कुमार चंद्रवंशी, सतीश केशरी, चंदन कुमार पासवान, अजय राणा,मनोज कुमार, रामेश्वर प्रसाद, रघुनंदन केशरी, विकास राणा, सुशील कुमार केशरी, बासुदेव भुइयां, रतन भुइयां सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेस की सत्याग्रह यात्रा के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कटकमदाग।** कटकमदाग कांग्रेस के द्वारा अपने नेता व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने तथा केंद्र सरकार के साथ गौतम अडानी के रिश्ते में विपक्ष के सांसदों को बोलने नहीं देने और प्रधानमंत्री के तानाशाही रवैए के विरोध में कटकमदाग प्रखंड के सुलताना ईदगाह चौक में जय भारत सत्याग्रह यात्रा के कार्यक्रम अंतर्गत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंझु ने जबकि संचालन शारदा रंजन दुबे ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप मिश्रा तथा प्रखंड प्रभारी शिवनंदन साहू ने कहा की भारत विकट परिस्थिति के दौर से गुजर रहा है। देश में संवैधानिक संस्थाओं को ध्वस्त किया जा रहा है तथा यहां बोलने तक की आजादी छिनी जा रही है। मिश्रा ने कहा की केंद्र की मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है, जिसने देश के चाहें बंदरगाह हो एअरपोर्ट हो यहां तक की मोदी सरकार ने रक्षा के क्षेत्र से जुड़ी सारे काम अडानी को दे दिया गया। हमारे नेता राहुल गांधी के द्वारा प्रधानमंत्री को अडानी से उनके रिश्ते पूछने की सजा मिली है तथा सरकार राहुल गांधी से डरकर उनकी संसद की सदस्यता को खत्म करवाया तथा चौबीस घंटे के अंदर उनका बंगला भी खाली करवा लिया। सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंझु ने कहा कि भाजपा के द्वारा लोकतंत्र का हनन किया जा रहा है तथा जनता का ध्यान भटकाने के लिए धर्म, भाषा, क्षेत्रवाद की आग लगाई जा रही है। शारदा रंजन दुबे ने कहा की कांग्रेस पार्टी और मजबूती के साथ आनेवाले आम चुनाव में जनमानस को साथ लेकर मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करेगी। नुक्कड़ सभा में कटकमदाग बीस सूत्री अध्यक्ष सुनिल कुमार ओझा, कैलाश यादव, प्रकाश तिर्की, विजय राम, मो इमरान, धीरेंद्र दुबे, काजिम मिया, सुरेश गोप, प्रभु गोप, जगरनाथ उरांव, विशेस्वर गंझु, बालेश्वर गंझु, सुनील गंझु, मनोहर शर्मा, अजय भुइयां, संजय भुईयां, सरजू गंझु सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सामाजिक न्याय मार्च को सफल बनाने को लेकर बैठक

### हेमंत सरकार विकास को छोड़ हवाबाजी कर रही है : संदीप कुशवाहा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** आजसू पार्टी के केंद्रीय कमिटी के निर्देशानुसार आगामी दिनांक 13 अप्रैल 2023 दिन गुरुवार को हजारीबाग समाहरणालय में जनविरोधी नीतियों एवं स्थानीय नीति, नियोजन नीति एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ सामाजिक न्याय मार्च किया जायेगा। जिसको लेकर प्रखंड के गुरुचट्टी आजसू कार्यालय में बैठक की गयी। बैठक का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा व संचालन प्रखंड सचिव मनोज प्रसाद दांगी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से चर्चा किया गया कि 13 अप्रैल गुरुवार को समय 11:00 बजे आजसू पार्टी के प्रखंड कार्यालय गुरुचट्टी से सैकड़ो लोगों झारखंड सरकार के जनविरोधी नीतियों एवं स्थानीय नीति, नियोजन नीति, अवैध उत्खनन, शिक्षा नीति, स्वस्थ नीति एवं भ्रष्टाचारी के खिलाफ सामाजिक न्याय मार्च किया जायेगा। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार से झारखंड के आम जनमानस त्रस्त हो गए हैं। चारों ओर लूट मचा हुआ है। किसी भी प्रकार का कोई भी जन कल्याणकारी कार्य नहीं हो रहा है सिर्फ हेमंत सरकार हवाबाजी करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि इसके लिए झारखंडी जनता सब देख रही है आने वाले समय में हेमंत सरकार को कड़ा जवाब देने का काम करेंगे। प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने न्याय मार्च को सफल बनाने को लेकर आजसू पार्टी के सभी पदाधिकारी, सदस्यों, बुद्धिजीवी मंच के तमाम पदाधिकारियों, चूल्हा प्रमुख, ग्राम प्रभारी, क्षेत्रीय प्रभारी से सम्मेलन में शामिल रहने की बाक कही। इसके अलावा 14 अप्रैल को आजसू कार्यालय बड़कागांव में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी जायेगी जिसमें अधिक से अधिक कार्यकताओं शामिल होंकर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करेंगे। मौके पर केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, प्रखंड सचिव मनोज प्रसाद दांगी, कामेश्वर महतो, सुरेश कुमार दांगी, राज मेहता, शंकर मिश्रा, धीरेंद्र यादव, मोहित कुमार, बादल कुमार, रामेश्वर महतो, शशि महतो, जगदेव महतो, अरुण कुमार महतो, रघुनाथ पांडे, कृष्णा भोला चौधरी, प्रमोद कुमार दास, रंजीत महतो, बिरेंद्र प्रसाद, महेंद्र महतो, मनोज रजक, कमलनाथ महतो अजीत कुमार, कृष्णा साव, सुरेश गिरी, वासुदेव महतो के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रगतिशील मगही समाज की हुई बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रगतिशील मगही समाज की बैठक केंद्रीय संयुक्त सचिव प्रमोद मेहता के आवास पर संपन्न हुयी। इस बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ राजेंद्र राणा द्वारा किया गया और मंच संचालन केंद्रीय पंच शाखा सचिव देवकी प्रसाद ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य है आगामी 12 मई को पटना के गांधी मैदान में जन गोष्ठी आधारित समाज व्यवस्था की मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना के कार्यक्रम है इस धरना को सफल बनाने के लिए बैठक हुयी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रगतिशील मगही समाज के केंद्रीय महासचिव रवि कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि जिला सचिव धनंजय कुमार के नेतृत्व में हजारीबाग से आम लोगों को जन गोष्ठी आधारित समाज व्यवस्था की आवाज बुलंद करने के लिए आप लोग मगध की पूर्व राजधानी पाटलिपुत्र की धरती से जन गोष्ठी आधारित समाज व्यवस्था के निर्माण का आवाज बुलंद करने के लिए अपील किया। केंद्रीय युवा सचिव मनोज मेहता ने भी लोगों को संबोधित किए इस बैठक में हजारीबाग, कोडरमा, चतरा तीनों जिले के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए महिला जिला सचिव नीतू आनंद, संयुक्त सचिव कालेश्वर प्रसाद, संगठन सचिव बालेश्वर मेहता, वित्त सचिव डॉ सुरेश, चतरा जिला सचिव जगदेव, रामेश्वर राणा, विनोद, अयोध्या प्रसाद मेहता, पदमा प्रखंड सचिव राजू रजक, पवन, शंभू आदि ने भाग लिया।

## विद्यालय से चावल की हुई चोरी

**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय छोटकी देवकुली में रविवार की रात चोरों ने एमडीएम का तीन क्विंटल चावल की चोरी कर ली। चोरों ने दरवाजे का कुंडी तोड़कर घटना का अंजाम दिया। प्रधानाध्यापिका बबीता देवी ने कहा कि आठ अप्रैल को विद्यालय बंद होने के बाद अपने घर चली गयी। सोमवार को करीब सात बजे विद्यालय आयी तो स्टोर रूम के कमरे का दरवाजा का कुंडी टूटा हुआ था, कमरे में बच्चों का मध्यान्ह भोजन के लिए छह पैकेट में 294 किलोग्राम चावल एवं एक ट्रे अंडा स्टोर रूम में रखा हुआ था, जिसकी चोरी कर ली गयी। इस संबंध में प्रधानाध्यापिका बबीता देवी ने इचाक थाना में आवेदन दी है एवं इसकी जानकारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को भी दिया है।

## जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के तत्वधान में एवं अब्बास अंसारी के अध्यक्षता में जय भारत सत्याग्रह यात्रा का कार्यक्रम बिष्णुगढ़ रविवार बाजार में किया गया। जो अलोकतांत्रिक तरीके से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का सदस्यता समाप्त करने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गौतम अडानी का रिश्ते क्या है जो 20,000 करोड का घोटाला करने के बावजूद चुप है। प्रधानमंत्री के जनविरोधी तथा तानाशाही रवैये के विरोध में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जमकर राहुल गांधी के पक्ष में एवं मोदी सरकार के विरोध में अपनी बातों को रखा साथ ही साथ मोदी विरोधी नारे भी लगाए गए एवं लोगों से आह्वान किया गया कि 2024 में भाजपा सरकार को हटाइए और कांग्रेस को लाइये तभी देश में लोकतंत्र बचेगा, देश का विकास होगा, बेरोजगारी दूर होगी, महंगाई कम होगा एवं आपसी सौहार्द वातावरण में लोगों को जीने का मौका मिलेगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, जिला सचिव सुनैना दुबे, प्रखंड सचिव गणपति स्वर्णकार, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राम जन्म राय, इसाक अंसारी, हारुन अंसारी, कमल राम, जाकिर हुसैन, हफीज अंसारी, शिवप्रसाद लाहकार, अफरोज आलम, मेरा सरवर, आसिफ अंसारी, इरफान अंसारी और अकबर अंसारी शामिल हुए। तथा जय भारत सत्याग्रह यात्रा का हिस्सा बने।

## भारत सत्याग्रह पर निकाली यात्रा



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने पार्टी के प्रस्तावित कार्यक्रम देश में लोकतंत्र बचाओ, जय भारत सत्याग्रह पर यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा बरकट्ठा बाजार में नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल ने किया। मौके पर के प्रदेश प्रतिनिधि दिगंबर कुमार मेहता ने कहा कि मोदी जी की सरकार ने अदानी और अंबानी को सार्वजनिक निजी क्षेत्र उनके हाथों में बेचने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जब लोकतंत्र के मंदिर लोकसभा में प्रधानमंत्री से एलआईसी एवं गरीबों के 20 हजार करोड़ रुपया अंडानी को कैसे मिला के बारे में पुछते हैं तो प्रधानमंत्री के द्वारा राहुल गांधी जी की सदस्यता समाप्त करा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इन्हीं सवालों को लेकर पूरे देश में कांग्रेस पार्टी आंदोलन चला रखा है। मोदी सरकार को 2024 में जनता सबक सिखायेगी। नुक्कड़ सभा को मणिलाल चौधरी, संतोष कुमार देव, मोहम्मद इजराफिल आलम, कृष्णा कुशवाहा, मनोज मेहता ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर राजेश कुमार मेहता, गणेश मेहता, जमुना पासवान, शंकर साव, सरजू महतो, फरीद अंसारी, नारायण प्रसाद, सुनील राणा, समसुद्दीन अंसारी, भुनेश्वर रविदास, नंदू राणा, महेंद्र राम, द्वारिका गोस्वामी, लालमणि मांझी समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

## पश्चिमी मंडल में भाजपाइयों ने की बैठक



**बरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तिलैया रोड़ स्थित होटल उज्जैना में मंगलवार को भाजपाइयो ने भाजपा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष अमित साहू की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में भ्रष्ट और निकम्मी राज्य सरकार को घेरने के लिए प्रभात तारा मैदान कल रांची जाने की तैयारी पर चर्चा किया गया। बताया कि सभी पंचायत से भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक के बाद सभी भाजपा कार्यकताओं ने हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ, झारखंड राज्य को लूट, झूठ और अत्याचार से बचाव का तख्ती लिए विरोध जताया। बैठक में वरिष्ठ नेता अम्बिका सिंह, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, पुर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गिरी आदि शामिल थे।

## कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए अस्पताल में किया गया मॉक ड्रिल

**बरही (आजाद सिपाही)।** कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए सोमवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मॉक ड्रिल के माध्यम से तैयारी का जायजा लिया गया। अस्पताल में जुटाये गए स्वास्थ्य संसाधनों की गुणवत्ता परखने के लिये मेडिकल स्टाफ ने मॉकड्रिल किया। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, आइसोलेशन वार्ड की क्षमता, आक्सीजन बेड, वेंटिलेटर, डाक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता की जांच की गयी। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा की कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के हमलोग पूरी तरह से तैयार है, सभी सुविधाए पूर्ण कर ली गयी है। वहीं उन्होंने लोगों से सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क लगाने की भी अपील की। वहीं उन्होंने बताया की अनुमंडलीय अस्पताल में ऑक्सीजन युक्त 50 बेड की व्यवस्था है, जिसमें 25 बेड में ऑक्सीजन पाइप लाइन के द्वारा जायेंगी। मौके पर बरही अनुमंडलीय अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## इस्तेहार चिपका कर किया तामिला

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बरही थाना कांड सं0-110/13 के प्राथमिकी अभियुक्त अनंत कुमार सिंह पे-रामचरित्र सिंह, सा-ओमपुरी, थाना-कोर्रा हजारीबाग के घर व सार्वजनिक स्थान पर विधिवत इस्तेहार चिपका कर तामिला किया गया। बताते चले की बरही थाना में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध कोयला चोरी करने के आरोप में वर्ष 2013 में कांड दर्ज किया गया था।

# विपक्ष फिर बंटा

एनसीपी प्रमुख और विपक्ष के कद्दावर नेता शरद पवार ने हाल में दिए अपने एक चर्चित इंटरव्यू में अडाणी मसले पर जो कुछ कहा, उसके बाद विपक्षी खेमे में उथलपुथल की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने जहां अडाणी ग्रुप को टारगेट किए जाने की आशंका जतायी, वहीं यह भी कह दिया कि इस मामले की जेपीसी यानी संयुक्त संसदीय समिति से जांच करवाने का कोई फायदा नहीं होगा। उनके मुताबिक, चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञों की एक समिति बनाकर उसे जांच की जिम्मेदारी सौंप दी है, इसलिए अब जेपीसी जांच पर जोर देने की कोई वजह नहीं है। इस इंटरव्यू के बाद विपक्षी खेमे में अफरातफरी मचना स्वाभाविक ही था। इससे पहले विपक्ष की 20 पार्टियां मिलकर जेपीसी जांच की मांग कर रही थीं। इस इंटरव्यू के प्रसारित होने से मेसेज यह गया कि विपक्षी खेमा इस मामले में अब एकजुट नहीं रह गया है। ध्यान रहे, शरद पवार का यह इंटरव्यू ऐसे समय आया, जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी एकजुटता को लेकर विभिन्न पार्टियों से संपर्क करने की कवायद शुरू की थी। ऐसे में यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि आखिर शरद पवार का इरादा क्या है। हालांकि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने क्षतिपूर्ति की कोशिश तत्काल शुरू कर दी है। जयराम रमेश सहित कांग्रेस के कई प्रमुख नेताओं ने कहा कि शरद पवार की राय इस मसले पर भले ही अलग हो, अन्य पार्टियों का रुख बिलकुल साफ है और कांग्रेस उन दलों के साथ मिलकर यह मुद्दा उठाती रहेगी। शिवसेना (उद्धव गुट) के संजय राउत ने भी कहा कि शरद पवार के इस बयान का विपक्षी एकता के प्रयासों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लेकिन ये नेता कुछ भी कहें, सच तो यही है कि इस पर असर पड़ चुका है। विपक्षी खेमे में असमंजस और कन्फ्यूजन साफ दिख रहा है। सीपीआइ के डी राजा ने कहा कि अलग-अलग लोग अलग-अलग राय व्यक्त कर रहे हैं, इसलिए देखना पड़ेगा कि क्या स्थिति बनती है। इस बीच कांग्रेस की ही अलका लांबा ने शरद पवार को लालची नेता बताते हुए उनकी उद्योगपति गौतम अडाणी के साथ एक तस्वीर भी ट्वीट कर दी। विपक्षी खेमे में इस फूट का बीजेपी स्वाभाविक तौर पर फायदा उठाने की कोशिश कर रही है। इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि अब एनसीपी का अगला कदम क्या होगा। शरद पवार इस बयान से, दरअसल क्या हासिल करना चाहते हैं, इसे लेकर भी अटकलें लग रही हैं। इस सवाल का जवाब तो आगे चलकर ही मिलेगा। तब तक के लिए कांग्रेस को एक झटका उन्होंने जरूर दे दिया है। इससे यह भी साफ हो गया है कि विपक्षी एकता की गाड़ी सरपट नहीं भागने वाली। यह ऊबड़-खाबड़ रास्ते से होते हुए धीरे-धीरे ही आगे बढ़ेगी।

**विपक्षी खेमे में इस फूट का बीजेपी स्वाभाविक तौर पर फायदा उठाने की कोशिश कर रही है। इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि अब एनसीपी का अगला कदम क्या होगा।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**बजट बनाने की तरह, बजट विश्लेषण की कला भी जटिल है और इसके लिए न केवल विशेषज्ञता और अनुभव की आवश्यकता होती है, बल्कि सूक्ष्म विवरणों के लिए पैनी नजर भी होनी चाहिए, क्योंकि किसी व्यक्ति का आकलन गलत भी हो सकता है, यदि वह बारीकी से पूरा अर्थ समझने में विफल रहता है। यदि हम इस वर्ष उच्च शिक्षा क्षेत्र की समग्र भावना पर ध्यान दें, तो इसे सकारात्मक कहा जा सकता है।**

# उचित जरूरतों पर पर्याप्त ध्यान : उच्च शिक्षा क्षेत्र पर केंद्रीय बजट 2023 के प्रभाव को समझना

**हिमांशु राय**



केंद्रीय बजट की घोषणा मीडिया का अत्यधिक ध्यान आकर्षित करती है, क्योंकि यह नये वित्तीय वर्ष में प्रवेश करने की तैयारी के क्रम में लोगों की मनोदशा, भावनाओं और आशाओं को दिशा देती है। बजट-घोषणा के बाद, विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ, इसका विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करते हैं, क्योंकि वे विशिष्ट क्षेत्र पर बजट के प्रभाव को समझने की कोशिश करते हैं, आगामी रुझानों का पूर्वानुमान लगाते हैं और भविष्य की चुनौतियों या अवसरों का अनुमान लगाते हैं।

बजट बनाने की तरह, बजट विश्लेषण की कला भी जटिल है और इसके लिए न केवल विशेषज्ञता और अनुभव की आवश्यकता होती है, बल्कि सूक्ष्म विवरणों के लिए पैनी नजर भी होनी चाहिए, क्योंकि किसी व्यक्ति का आकलन गलत भी हो सकता है, यदि वह बारीकी से पूरा अर्थ समझने में विफल रहता है। यदि हम इस वर्ष उच्च शिक्षा क्षेत्र की समग्र भावना पर ध्यान दें, तो इसे सकारात्मक कहा जा सकता है। हालांकि, कुछ पहलुओं की आलोचना की गयी है, जो केवल संख्या की दृष्टि से सतही जांच पर आधारित हैं और इनमें उन आंकड़ों को गंभीरता से समझने की कोशिश नहीं की गयी है। मैं कठिन संदर्भों को रेखांकित करने और एक स्पष्ट परिदृश्य प्रस्तुत करने के लिए विवरणों को गहराई से समझने का प्रयास कर रहा हूं।

**अब तक सरकार ने एचइएफए में 4812.50 करोड़ रुपये की सरकारी इक्विटी का निवेश किया है।**

कुछ लोगों को ऐसा प्रतीत हो सकता है कि पिछले वर्ष के 653.92 करोड़ रुपये की तुलना में, भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आइआइएम) की वित्तीय सहायता के आवंटन में लगभग 300 करोड़ रुपये की कमी की गयी है। तथ्य यह है कि आइआइएमएस, कैबिनेट अनुमोदन के तहत अवसंरचना (इमारतों और अन्य भौतिक संपत्ति) के विकास के लिए पूंजी मद में वित्तीय सहायता प्राप्त करते हैं। एक सीमित अवधि के लिए, आवर्ती धन भी उपलब्ध कराया जाता है। आइआइएम परियोजना समाप्त होने के बाद (जैसा कैबिनेट द्वारा अनुमोदित होता है) उस मद में आइआइएम को कोई और धनराशि नहीं दी जाती है। इस कारण, आइआइएम के बजट प्रावधान न्यूनतम स्तर पर सीमित होते हैं, जो कैबिनेट की अनुमति के साथ अनुदान की शेष राशि का भुगतान करने के लिए पर्याप्त होते हैं।

इसी तरह, कुछ टिप्पणीकारों ने तर्क दिया है कि बजट में उच्च शिक्षा वित्त पोषण एजेंसी (एचइएफए) के लिए आवंटन का कोई उल्लेख नहीं है। अब तक, सरकार ने एचइएफए में 4812.50 करोड़ रुपये की सरकारी इक्विटी का निवेश किया है। एचइएफए के बैंक भागीदार, केनरा बैंक ने भी इक्विटी के रूप में 481.25 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। 5293.75 करोड़ रुपये की इस इक्विटी का उपयोग करते हुए विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों को 52,937 करोड़ रुपये तक के ऋण दिये जा सकते हैं। नयी इक्विटी की कोई आवश्यकता नहीं है, जब तक कि इस इक्विटी का पूरी तरह से फायदा नहीं उठाया जाता है। इस वजह से, वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए एचइएफए इक्विटी प्रावधान को शून्य पर रखा गया है और जरूरत पड़ने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है।

कुछ लोगों ने इंप्रेस (आइएमपीआरइएसएस) योजना और एमओओसी के लिए बजट में प्रावधान की कमी की बात कही। इंप्रेस योजना को 31 मार्च, 2021 तक उपयोग के लिए अनुमोदित किया गया था और तब से इसे उच्च शिक्षा संस्थानों में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए लागू किया जा रहा है। जब तक इसके प्रभाव का तीसरे पक्ष द्वारा मूल्यांकन नहीं किया जाता है, तब तक इस प्रावधान को आगे बढ़ाने का कोई अर्थ नहीं है। इसके अलावा, एमओओसी और ई-शोध सिंधु (ई-एसएस) अब विशिष्ट कार्यक्रम नहीं हैं। उन्हें एनएमइआइसीटी के अलग-अलग घटकों के रूप में जोड़ा गया है और इसके लिए पर्याप्त प्रावधान किये गये हैं।

अंत में, कुछ लोगों ने यह भी महसूस किया है कि उच्च शिक्षा के लिए 2022-23 के 55,078 करोड़ रुपये की तुलना में 2023-24 में 50,094 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जो आवंटन में हुई कमी को दर्शाते हैं। वास्तविक संदर्भ को समझने के लिए, हमें इसके लेखे-जोखे में जाना होगा।

वर्तमान व्यवस्था के अनुसार उपकर निधियों को सकल बजट आवंटन में दो बार शामिल किया जाता है। शुद्ध बजट आवंटन, जिसे वास्तविक बजट आवंटन भी कहा जाता है, के निर्धारण के लिए सकल बजटीय आवंटन में से आरक्षित निधि में स्थानांतरण राशि एक बार घटा दी जाती है।

केवल शिक्षा उपकर (एमयूएसके) में कमी की गयी है और इसके परिणामस्वरूप, ऐसा प्रतीत होता है कि सकल बजट आवंटन में भी कमी आयी है। वास्तविक बजट आवंटन 40828.35 करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 2022-23) से बढ़ कर 44094.62 करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 2023-24) हुआ है, जैसा उपरोक्त तालिका में दिखाया गया है। यह वास्तविक बजट है, जो उच्च शिक्षा विभाग को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जायेगा।

निष्कर्ष के तौर पर, यह कहा जा सकता है कि हर उद्योग या क्षेत्र को प्रत्येक वर्ष आवंटन में वृद्धि की अपेक्षा रहती है, लेकिन प्रभावी बजट बनाने के प्रयास में, कुछ ऐसी बातें भी होती हैं, जिनका उद्देश्य मौजूदा बाधाओं के भीतर विकास के अवसरों को अनुकूल बनाना होता है। इस प्रकार गतिशील पुनर्आवंटन तकनीकों के उपयोग की आवश्यकता होती है, लेकिन इसके साथ ही प्रमुख क्षेत्र के लिए धन आवंटन में वृद्धि करने, जितना संभव हो सके, का लक्ष्य भी रखा जाता है। केंद्रीय बजट और शिक्षा क्षेत्र पर इसका प्रभाव; निश्चित रूप से सही दिशा में उठाया गया कदम है और उचित जरूरतों पर पर्याप्त ध्यान दिया गया है।

**(लेखक : निदेशक, आइआइएम, इंदौर हैं।)**

### सकल बजटीय आवंटन में से आरक्षित निधि में स्थानांतरण राशि

| वित्त वर्ष | सकल बजट आवंटन (करोड़ रुपये में) | शिक्षा उपकर एमयूएसके उच्च शिक्षा विभाग के लिए | बीइ में शुद्ध आवंटन (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 55078.35 | 14250.00 | 40828.35 |
| 2023-24 | 50094.62 | 6000.00 | 44094.62 |
| अतिरिक्त | -4983.73 | -8250.00 | 3266.27 |

## जमशेदपुर की खबरें

# दोषियों पर कड़ी कारवाई हो, निर्दोष फंसे नहीं: रघुवर

**राज्य में जगह जगह सुनियोजित साम्प्रदायिक दंगे भड़काने की साजिश की जा रही है।**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कदमा के शास्त्रीनगर में दो समुदायों के बीच हुई पत्थरबाजी की घटना की निंदा करते हुए कहा की प्रशासन सत्यासत्य की जांच कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कारवाई करे लेकिन किसी भी कीमत पर निर्दोष फंसना नहीं चाहिए। श्री दास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा की जबसे झारखंड में हेमंत सरकार का गठन हुआ है, राज्य में जगह-जगह सुनियोजित साम्प्रदायिक दंगे भड़काने की साजिश की जा रही है। लोहरदगा, रांची, साहेबगंज, के बाद अब जमशेदपुर को भी साम्प्रदायिक दंगा में झोंकने की कोशिश की गई। महज वोट की खातिर राज्य की जनता को सांप्रदायिकता की आग में झोंकना राजधर्म के विरुद्ध है। राज्य के निवासियों को अपने अपने धार्मिक कार्यक्रमों का पालन करने की स्वतंत्रता है। 'जय श्री राम' का नारा लगाने से किसी संप्रदाय विशेष को परेशानी नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा है की पाकिस्तानी सोच रखने वाली कट्टर शक्तियां राज्य में अराजकता फैलाना चाहती है, लेकिन अमन पसंद लोगों की संख्या कम नही है। प्रशासन को देखना है की कौन सही है, कौन गलत। किसी को कानून हाथ मे लेने का अधिकार नही है। सरकार किसी सम्प्रदाय विशेष को बढ़ावा देगी तो दूसरे संप्रदाय के बीच असंतोष फैलेगा ही। 'मुखिया मुखसो चाहिए खान पान में एक' के सिद्धांत पर सरकार चलती है न की 'एक आंख में काजल एक मे शूरमा' की नजरिये से। प्रशासन से मेरा आग्रह है की वह दल विशेष के इशारे पर कोई कार्रवाई न कर न्यायसंगत कारवाई करे।

## कोविडको लेकर अस्पतालों में किया मॉक ड्रिल

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर देश समेत राज्य के कई जिले में कोविड संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सोमवार को सदर अस्पताल समेत सभी सरकारी एवं गैर सरकारी अस्पताल में मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। सदर अस्पताल सरायकेला में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अरवा राजकमल की उपस्थिति में मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान उपायुक्त नें एसएनएसयू वार्ड, कोविड इमरजेंसी वार्ड, ऑक्सीजन यूनिट, कोविड टेस्ट वार्ड, दवाई की उपलब्धता इत्यादि का जायजा लिया. इस दौरान उपायुक्त ने कहा जिले में अबतक किसी व्यक्ति के कोरोना संक्रमित होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में फैल रहे कोरोना संक्रमण का यह वेरिएंट ओमिक्रोन का ही एक नया वेरिएंट माना जा रहा है, जिसमे संक्रमित व्यक्ति को बुखार की शिकायत अधिक देखने को मिल रही है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अबतक संक्रमित व्यक्तिगत नहीं पाए गए है, परंतु सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोविड-19 व्यक्तियों की पहचान के लिए कोविड टेस्ट की संख्या बढ़ाई जायेगी। साथ ही इंटरनेशनल सीमाओं पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए जिले के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी अस्पतालों में बुखार, सर्दी- खांसी जैसे लक्षणों से ग्रसित व्यक्तियों को जांच कर उचित इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। उपायुक्त ने कहा कि तत्काल जांच के पश्चात संक्रमित पाए जाने पर डॉक्टर की देखरेख में होम आइसोलेशन में रखने की व्यवस्था की गई है, ताकि संक्रमित व्यक्ति से अन्य व्यक्ति को संक्रमण ना फैले। इसके साथ ही ससमय उचित इलाज किया जा सके।

# कोल्हान में एपीआइ की जनसभा को लेकर पदाधिकारियों ने की चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया पश्चिम सिंहभूम के पोटका-चक्रधरपुर में कोल्हान प्रमंडलीय स्तरीय बैठक एपीआइ जिला अध्यक्ष दीनू पाड़ेया की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

जून माह में आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय मानकर कोल्हान प्रमंडल में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर तीनों जिले के पदाधिकारियों को तैयारी शुरू कर जनसभा को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गयी। इस दौरान पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर दो नये सदस्य ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर नये सदस्यों का स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर सिंहभूम लोकसभा प्रभारी रामहरि गोप, सहायक लोकसभा प्रभारी लाल मांझी, पूर्व प्रत्याशी सरायकेला विश्व विजय मार्डी, तीनों जिले के एपीआइ जिला पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## सिंहभूम चैंबर का प्रतिनिधिमंडल मिला राज्यपाल से

# कई विषयों पर की गयी चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के नेतृत्व में राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन से राजभवन में मिला एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की। चैंबर के महासचिव मानव केडिया ने बताया कि राज्यपाल के झारखंड में पदस्थापित होने के बाद से चैंबर की ये प्रथम मुलाकात है। उन्होंने बताया की सोमवार को चैंबर ने राज्यपाल के साथ झारखंड के व्यापारी वर्ग से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। चैंबर ने मुख्य रूप से जमशेदपुर में एयरपोर्ट की स्थापना की जरूरत एवं इसमें आने वाली रुकावट के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया, राज्य में उच्च शिक्षा केंद्र की स्थापना एवं मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना, राज्य के विकास में जटिल जमीन संबंधित कानूनों का सरलीकरण, संसाधनों के अनुरूप उद्योग ना लगना तथा राज्य में बिजली की असमान दर इत्यादि पर चर्चा की, चैंबर ने कोल्हान में एक बड़ी एनकर इंडस्ट्री की जरूरत पर जोर दिया, छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लैंड बैंक की स्थापना करने का भी चैंबर ने सुझाव दिया। अंत में चैंबर ने राज्यपाल को चैंबर आने का न्यौता दिया. राज्यपाल ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना एवं उनपर अपनी राय रखी। उन्होंने सभी मुद्दों पर संज्ञान लिया एवं उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। उन्होंने चैंबर के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए जल्द ही जमशेदपुर आकर चैंबर के सदस्यों को संबोधित करने का आश्वासन भी दिया। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, महासचिव मानव केडिया, कोषाध्यक्ष किशोर गोलछा, उपाध्यक्ष (ट्रेड) नितेश धूत एवं सचिव (वित एवं कराधान) पीयूष चौधरी शामिल थे।

# जमशेदपुर समेत पूरे झारखंड में चढ़ने लगा पारा, तापमान पहुंचा 39 डिग्री



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर समेत पूरे झारखंड में दिन प्रतिदिन गर्मी बढ़ रहा है। वही मौसम विभाग ने इसे लेकर पूर्व ही पूवार्नुमान जारी किया था। इसमें उन्होंने बताया था कि 10 अप्रैल यानी सोमवार के बाद 40 डिग्री से अधिक तापमान रहने की संभावना है। वहीं सोमवार को जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.7 डिग्री दर्ज किया गया। इसके साथ ही राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस सोमवार को रिकॉर्ड किया गया। पूवार्नुमान में बताया गया कि झाखंड में अगले चार से पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे चार से पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। वहीं मंगलवार से गुरुवार तक लोगों को तेज धुप का सामना करना पड़ेगा। वहीं 14-16 अप्रैल को आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है।

# झींकपानी में दीवार लेखन कर एक बार फिर से भाजपा सरकार और कमल फूल बनाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाइबासा।** भारतीय जनता पार्टी प्रखंड टोंटो द्वारा दीवार लेखन अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बूथ-संख्या 265 बड़ा झींकपानी में दीवार लेखन कर एक बार फिर से भाजपा सरकार एवं कमल का फूल बनाया गया। प्रताप कटियार महतो द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं, बताया गया कि केंद्र में भाजपा की सरकार जब से बनी है तब से लेकर आज तक विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनायें चलाई जा रही है जिसका लाभ आम जनता को मिल रहा है। आने वाले दिनों में और भी कई योजनायें भारत सरकार चलाने वाली है। जिसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है और उसे मुख्यधारा से जोड़ना है। पूर्व की सरकारों के कार्यकाल को भी लोगों ने देखा है। सभी सरकारों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था लेकिन जब से भाजपा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है तब से लेकर आज तक भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है जबकि हमारी सरकार भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने का काम हमारी सरकार कर रही हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष लेबेया लागुरी, जिला महामंत्री प्रताप कटियार महतो, युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रमोहन तियू, सोदा खण्डाईत, अर्जुन दास, महेश्वर दास, प्रताप हांसदा, चक्रधर हांसदा, बादल दास, लक्ष्मण हांसदा, सिंगराई हांसदा, मोहन सिंह हांसदा, भीमा हांसदा, निराकर पान, मनोज दास, मिथुन दा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# धुरकी थाना क्षेत्र के जंगल में मिला दंपति का शव



**पति का फंदे से झूलता हुआ और पत्नी का चेहरा पत्थर कुचला हुआ बरामद**

कृष्णा यादव

**धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरहसोती के चरकपथली जंगल में एक पति पत्नी के शव बरामद होने से इलाके में खलबली मच गयी है। थाना प्रभारी सदानन्द कुमार तथा पुलिस बल के दर्जनों जवान ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। बरामद शव की पहचान रमुना थाना के बुलका गांव निवासी धर्मेंद्र राम (40) तथा उसकी पत्नी सुगीया देवी (35) के रूप में हुई है। दोनों धुरकी थाना क्षेत्र के बरहसोती गांव में पिछले कुछ दिन से महुआ चुनते थे। धर्मेंद्र राम फांसी के फंदे से झूलता हुआ मिला जबकि सुगीया देवी का चेहरा पत्थर से कुचला हुआ था। दोनों का शव पुलिस ने आधे किलोमीटर के फासले से बरामद किया है। दोनों के चार अबोध छोटी-छोटी बेटिया हैं। जिनका भरण पोषण कैसे होगा यह यक्ष प्रश्न बन गया है। दोनों की हत्या की गयी है अथवा आत्महत्या है यह कहना मुश्किल है। आखिर पत्नी की हत्या क्यों की गयी और पत्थर से क्यों कूचा गया यह प्रश्न है। थाना प्रभारी सदानन्द कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता पूर्वक जांच कर रही है। दोषियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

# रपुरा गांव में भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के रपुरा गांव में भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का आयोजन को लेकर सोमवार को भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गयी। वैदिक मंत्रोच्चार के बाद स्थानीय नदी से कलश में जल भर कर श्रद्धालुओं ने गांव के देवी मंडप प्रांगण में कलश स्थापित किया। गुप्त काशी उत्तर प्रदेश से पधारे आचार्य सौरभ भारद्वाज ने भागवत कथा व श्याम बली पाठक रामायणी की ओर से प्रतिदिन शाम पांच बजे से रात्रि नौ बजे तक प्रवचन सुनाया जाएगा। यज्ञ के पहले दिन मंडप पूजन पूरा कर आचार्य पंडित उपेंद्र कुमार शास्त्री व विनय चौबे के वेद मंत्रों से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। महायज्ञ के मुख्य यजमान महेंद्र कुमार सिंह ने पूजन वंदन किये। मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, हरिहरपुर पंचायत के मुखिया अनुज कुमार सिंह, श्याम बिहारी सिंह, सुशील सिंह, संजय सिंह, पिंटू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने मृतका के दाह संस्कार के लिए लकड़ी उपलब्ध करायी



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के चौधरी मुहल्ला निवासी स्व. सरयु चौधरी की पत्नी दुलारी कुंवर की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने युवा सचिव सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव से बात कर खरडीहा गांव के घर-घर से इक्कठा कर के एक पिकप लकड़ी दाह संस्कार के लिए व्यवस्था करायी गयी। दुलारी कुंवर की मृत्यु हो जाने पर उनके परिवार जनों एवं मुहल्लावासियों ने झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी से लकड़ी की सहायता करने की मांग की थी। जिसमें कहा गया था कि लकड़ी के अभाव में दाह संस्कार में काफी परेशानी हो रही है। सूचना मिलते ही झामुमो नेता दीपक कुमार सोनी ने लकड़ी की निशुल्क व्यवस्था करायी और पुण्य के भागी बने। इस अवसर पर खरडीहा गांव के रविदास समाज के लोगों ने लकड़ी इकट्ठा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस प्रकार झामुमो के द्वारा लगातार पुण्य के कार्य किये जा रहे हैं।

**बैठक :** उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों से संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा, दिये निर्देश

# लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण कराने की दिशा में करें कार्य

**उपायुक्त ने सभी विभागों के पदाधिकारियों से एक-एक कर कार्यों की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, आरईओ, पथ निर्माण विभाग, एनआरईपी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल, लघु सिंचाई, जल संसाधन समेत अन्य विभागों के पदाधिकारियों से एक-एक कर उनके विभाग से संबंधित कार्यों की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उपायुक्त ने पूर्ण हुई योजनाओं को हैंडओवर करने का निर्देश दिया, साथ ही लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संचालित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराने का भी निर्देश दिया। साथ ही कार्य में लग रहे रॉ मटेरियल एवं टेंडर प्रक्रिया की भी उपायुक्त द्वारा जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत क्रियान्वित स्कीमों की फिजिकल एंड फाइनेंसियल प्रतिवेदन के बारे में पूछा गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अंतर्गत एससीए से विभिन्न योजनाओं यथा- अस्पतालों/विभिन्न प्रखंडों/पुलिस पिकेट एवं बूढ़ा पहाड़ विकास योजना में सोलर जलमिनारों का निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति के बारे में पूछा गया। बूढ़ा पहाड़ गांव में पक्के चेकडैम का निर्माण कराने को लेकर कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई विभाग को इससे संबंधित सभी आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान अन इलेक्ट्रिफाइड पॉपुलेशन वाले क्षेत्रों के बारे में समीक्षा की गई एवं आवश्यक निदेश दिए गये। बैठक के दौरान गढ़वा जिला स्थित पुस्तकालय एवं रामासाहू आर्यवैदिक उच्च विद्यालय के सुदृढीकरण एवं विभिन्न सुविधाओं को बहाल करने को लेकर संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को स्थल निरीक्षण करते हुए कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया।

बैठक में निदेशक, डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, जिला योजना पदाधिकारी, संजीव कुमार सिंह, विभिन्न तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता यथा- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पथ निर्माण विभाग, आरईओ, एनआरईपी, विद्युत प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लघु सिंचाई, जल संसाधन आदि एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, साकेत कुमार पांडेय समेत विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

# चिराग पासवान सात मई को गढ़वा में करेंगे प्रतिमा का अनावरण

**झारखंड का पहला जिला गढ़वा होगा जहां स्व. रामविलास पासवान की प्रतिमा स्थापित की जा रही है : चंदन पासवान**

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। आगामी सात मई को लोक जनशक्ति पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान गढ़वा पहुंचेंगे। गढ़वा के रमना प्रखंड स्थित बहियार गांव में वीर बाबा चौहरमल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान की प्रतिमा का अनावरण किया जएगा। उक्त दोनों प्रतिमा का अनावरण लोकजन शक्ति पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान द्वारा किया जाएगा। उक्त बातें वीर बाबा चौहरमल के जिलाध्यक्ष चंदन पासवान ने सोमवार को दानरो नदी स्थित जागृति क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। चंदन ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर पूरे जिले में तैयारी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान की प्रतिमा झारखंड के किसी भी जिला में नहीं लगायी गयी है। झारखंड का पहला जिला गढ़वा होगा जहां स्व. रामविलास पासवान की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्व. रामविलास पासवान की प्रतिमा के साथ-साथ वीर बाबा चौहरमल की प्रतिमा लगायी जाएगी। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों की प्रतिमा लगाने के लिए बहियार गांव निवासी वीरेंद्र पासवान ने छह डिसमील जमीन दान में दी है। उन्होंने कहा कि प्रतिमा एनएच सड़क के किनारे स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिमा स्थापित करने के बाद चिराग पासवान एक समारोह को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, लातेहार विधायक के अलावे कई विधायक व सांसद उपस्थित रहेंगे।

पत्रकार वार्ता में प्रमंडलीय महासचिव रामजी पासवान, जिला महासचिव रामचंद्र पासवान, सुमेर पासवान, विजय पासवान, संजय पासवान, सुनील पासवान नागर, जितेंद्र पासवान, धर्मराज पासवान, यशवंत पासवान, अनुराग पासवान, अक्षय पासवान, रविंद्र पासवान, जयराम पासवान, सत्येंद्र पासवान, मिथिलेश पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# रंका में अंबेडकर जयंती कार्यक्रम के लिए मंत्री ने दिया एक लाख रुपये का सहयोग

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे मंत्री मिथिलेश ठाकुर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को मनाने को लेकर अंबेडकर युवा क्लब कंचनपुर रंका के संरक्षक सहायक अभियंता अनुज कुमार रवि एवं अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रवि की अगुवाई में क्लब के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह के बरवाडीह स्थित आवास पर जाकर अंबेडकर जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर को बनाने हेतु सहमति एवं सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। जिसमें बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने अंबेडकर युवा क्लब के लोगों को आश्वस्त किया कि रंका अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे। साथ ही मंत्री के सौजन्य से नितेश कुमार सिंह ने अंबेडकर युवा क्लब को एक लाख रुपये का सहयोग प्रदान किया।

मौके पर क्लब के संरक्षक अध्यक्ष एवं सदस्यों ने बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह को बाबासाहेब आंबेडकर की तस्वीरयुक्त मोमेंटो देकर सम्मानित किया और आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया।

मौके पर संरक्षक सहायक अभियंता अनुज कुमार रवि, अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रवि, राकेश कुमार, अनूप कुमार, आकाशदीप, मुन्ना कुमार, बीरबल राम, संतोष मोछु, रवि रंजन, अमित कुमार, कमलेश कुमार, सुमिरन कुमार सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सदर अस्पताल में कोविड-19 को लेकर किया गया मॉकड्रिल



**मौके पर उपायुक्त ने आइसोलेशन बेड की क्षमता, आक्सीजनयुक्त बेड, आइसीयू बेड और वेंटिलेटर आदि का लिया जायजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में कोविड-19 को लेकर प्रशासन व स्वास्थ्य महकमा रेस हो गया है। इसे लेकर रविवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित डेडिकेटेड कोविड अस्पताल में कोविड-19 से संबंधित किसी भी तरह की परिस्थितियों से निपटने में अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी को परखने को लेकर मॉकड्रिल किया गया। जबकि जिले के सभी सीएचसी में भी मॉकड्रिल किया गया। सदर अस्पताल परिसर में मॉकड्रिल के मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर, सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार, उपाधीक्षक डा. अवधेश सिंह, स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम प्रवीण कुमार भी उपस्थित थे। इस दौरान उपायुक्त ने आइसोलेशन बेड की क्षमता, आक्सीजनयुक्त बेड, आइसीयू बेड व वेंटिलेटर आदि का भी जायजा लिया।

माकड्रिल के दौरान कोविड अस्पताल के चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की दक्षता को परखने के लिए 108 एंबुलेंस से एक डमी मरीज को लाया गया। पहले से पीपीइ किट पहनकर तैयार स्वास्थ्यकर्मियों ने उक्त मरीज को रिसिव किया। इसके बाद उक्त मरीज को कोविड वार्ड में भर्ती कर उसे बेड पर रखा गया। मरीज को आक्सीजन लगाया गया। जबकि उसे दवा देने व अन्य कागजी कार्रवाई पूरा की गयी। उपायुक्त ने कहा कि कोविड 19 को लेकर बेड की स्थिति, वेंटिलेटर, आक्सीजन आदि का जायजा लिया गया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग में उपलब्ध मानव संसाधन यथा चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों के बार में भी जायजा लिया गया है। उन्होंने बताया कि कोविड 19 को लेकर किसी भी परिस्थिति मरीजों के इलाज के लिए तैयार रखने के उद्देश्य से माकड्रिल किया गया है।

मौके पर सदर अस्पताल के चिकित्सक डा.टी पीयूष, अस्पताल प्रबंधक सच्चिदानंद पांडेय, विमलेश कुमार, सुबोध कुमार सिंह समेत कई चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# बिजली कवर तार चोरी और खरीद-बिक्री करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय निवासी अभिषेक कुमार पाण्डेय, मनीष चौधरी एवं सचिन चौधरी को बिजली कवर तार चोरी व खरीद-बिक्री करने के आरोप में रंका थाना पुलिस के सहयोग से भंडरिया थाना पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर गढ़वा न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ज्ञात हो उक्त लोगों पर भंडरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी और भंडरिया थाना पुलिस गिरफ्तार करने की फिराक में थी। अभिषेक कुमार पाण्डेय बिजली बिभाग में ठेकेदारी काम करते हैं वहीं दूसरी ओर मनीष चौधरी वगैरह कबाड़ी खरीद-बिक्री करने का काम करते हैं। लगभग सात किलोमीटर तक का तार चोरी होने की बात बतायी जा रही है।

# खाताधारी की मौत से भी नहीं सबक ले रहे बैंक कर्मी, परिजनों को पैसा देने से कर रहे हैं मना



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के बस स्टैंड में स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बरडीहा शाखा में कर्मियों के द्वारा मनमानी की जा रही है। ताजा मामला सोमवार का है। जहां एक सेवानिवृत्त कल्याण पदाधिकारी पद से 1990 में मझियांव ब्लॉक से रिटायर हुए पेंशनधारी ग्राहक 95 वर्षीय रामचंद्र राम जो किडनी, ह्रदय, शुगर से संबंधित गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं, जिनका इलाज गढ़वा परमेश्वरी अस्पताल और रांची के आर्किड हॉस्पिटल से चल रहा है। वहीं उनके इलाज को लेकर उनके खाते से समय पर भुगतान नहीं होने से परिजनों ने बैंक में हंगामा कर दिया। परिजनों के अनुसार ग्राहक का बरडीहा शाखा में पेंशन अकाउंट है। उनकी तबियत अत्यंत खराब है और उन्हें इलाज के लिए बाहर ले कर जाना है। उनके खाते से निकासी के लिए गुरुवार को ही एक चेक निर्गत किया गया था। जिस पर साइन सही ढंग से नहीं हो पाया। जिसके बाद बैंक के कर्मी के द्वारा उनके घर जा कर उनकी स्थित देखी गई। मेडिकल सर्टिफिकेट मांगा गया। दो गवाह का आधार कार्ड पर हस्ताक्षर कराया गया। इन तमाम प्रकिया के बाद जब परिजन कैश काउंटर पर गए तो कर्मी के द्वारा एक वाक्य में बोला गया कि नहीं देंगे पैसा। जिसके बाद परिजनों तथा ग्रामीणों के द्वारा बैंक में हंगामा किया गया। उनसे पूछा गया कि क्यों नहीं देंगे पैसा, तो उनका कहना था कि मैनेजर से बात करिये। जबकि मैनेजर के द्वारा पहले से ही चेक और अन्य दस्तावेज सत्यापित किए जा चुके थे। इधर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शाखा प्रबंधक खुद मामले को शांत करते हुए देखे गए। शाखा प्रबंधक का कहना है कि ज्यादा ग्राहक होने के वजह से स्ट्रेस में ऐसा हो जाता है। आपको बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व मझिआंव स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के चंद्री ब्रांच से निकासी नही होने के वजह से एक ग्राहक मरीज की इलाज के अभाव में मृत्यु हो गई थी।

**आरोप-प्रत्यारोप :** राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव स्थगित होने के बाद क्षेत्र में शुरू हो गयी है राजनीति

# भाजपा विधायक भानु ने महोत्सव स्थगित होने पर बंशीधर जी का अपमान बताया

**सरकार और जिला प्रशासन की ओर से मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद राज्य में शोक होने की बात कही जा रही है**

प्रशांत सहाय




**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव स्थगित होने के बाद क्षेत्र में राजनीति शुरू हो गई है। सरकार एवं जिला प्रशासन जहां प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद राज्य में शोक होने की बात कह रहे हैं। वहीं विपक्ष यानी भाजपा इसे मुद्दा बनाकर बंशीधर जी का अपमान बताते हुये राजनीतिक हवा दे रही है।

भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने बंशीधर महोत्सव के स्थगित होने पर बंशीधर जी का अपमान बताया है। उन्होंने बंशीधर महोत्सव से संबंधित अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट कर प्रदेश के पीएचईडी मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं भवनाथपुर के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव पर जमकर हमला बोला है।

उन्होंने लिखा है कि राजकीय बंशीधर महोत्सव स्थगित होना बंशीधर जी का अपमान है। विधायक ने अपने फेसबुक पोस्ट के जरिये मंत्री और पूर्व विधायक से सवालिया लहजे में पूछा है कि बंशीधर महोत्सव राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के कारण तो स्थगित कर दिया गया। लेकिन इफ्तार पार्टी के लिये शोक क्यों नहीं? उन्होंने यहां तक कहा है कि जिस तरह से इस सरकार में देवी देवताओं का अपमान किया जा रहा है उसे देखते हुये इस सरकार में होने वाले बंशीधर महोत्सव से खुद को अलग करता हूं। भगवान बंशीधर जी से क्षमा चाहता हूं।

उधर झामुमो ने भी विधायक भानू प्रताप शाही पर तंज कसते हुए इफ्तार पार्टी करते एक फोटो शेयर किया है। साथ ही लिखा है कि झूमे जो पठान मेरी जान महफिल ही लूट जाये।

### श्री बंशीधर महोत्सव स्थगित होने से आम लोगों में है गहरी निराशा

राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव स्थगित होने के बाद आम लोगों में गहरी निराशा है। श्री बंशीधर नगर वासियों के चेहरे पर महोत्सव नहीं होने का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। लोग मायूस एवं हताश हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के द्वारा राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव आयोजित करने को लेकर तिथि निर्धारित करने के बाद लोग काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। साथ ही महोत्सव को भव्य एवं दिव्य बनाने में जुट गये थे। लेकिन प्रशासन के इस फैसले से अब निराश एवं हताश हैं। लोग सरकार व प्रशासन से जल्द बंशीधर महोत्सव आयोजित कराने की मांग कर रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर दिनभर छाया रह रहा है श्री बंशीधर महोत्सव स्थगित होने का दर्द

सोशल मीडिया पर बंशीधर महोत्सव स्थगित कराने को लेकर लोगों का दर्द छाया रहा। बड़ी संख्या में लोग फेसबुक के माध्यम से सरकार एवं जिला प्रशासन से जल्द ही महोत्सव आयोजित कराने की मांग कर रहे हैं। अब तक हजारों लोग इस संबंध में पोस्ट कर चुके हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

कार्यालय: जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार
Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: drhslatehar3@gmail.com

**जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यकता आधारित पद के विरूद्ध संविदा/अनुबंध आधारित पारा कर्मियों एवं अन्य प्रखण्ड/जिला स्तरीय पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन।**

विज्ञापन सं0–02/2023 (DMFT) आवेदन की अंतिम तिथि–03.05.2023

जिला लातेहार के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों, नवनिर्मित गैर सृजित स्वास्थ्य संस्थानों एवं नवप्रस्तावित कुपोशण उपचार केन्द्रों के संचालन हेतु ए0एन0एम0 एवं अन्य पारामेडिकल कर्मियों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए अनुबंध/संविदा के आधार पर औपबंधिक एवं अस्थायी रूप से आवश्यकता आधारित नीचे अंकित पारा कर्मी एवं अन्य प्रखण्ड तथा जिला स्तरीय पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से झारखण्ड राज्य के स्थानीय उम्मिदवारों से निम्नवत् रूप से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

01. जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के अधीन आवश्यकता आधारित (संविदा/अनुबंध) पदों का विवरण निम्नवत् है:–

**आवश्यकता आधारित पदों पर संविदा/अनुबंध के आधार पर सीधी नियुक्ति।**

| क्र0 | पदनाम | आवश्यकता आधारित कोटिवार कुल रिक्ति | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | आ0क0व0 | अ0जा0 | अज0जा0 | कुल |
| 1 | ए0एन0एम0 | 21 | 5 | 10 | 15 | 51 |
| 2 | स्टाफ नर्स | 11 | 2 | 4 | 9 | 26 |
| 3 | ड्रेसर | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 4 | प्रयोगशाला प्रावैधिक | 5 | 1 | 1 | 4 | 11 |
| 5 | फर्मासिस्ट | 9 | 2 | 3 | 8 | 22 |
| 6 | एम0टी0सी0 न्युट्रीशियन काउंसलर | 3 | 0 | 1 | 1 | 5 |
| 7 | एम0पी0डब्लु0 | 6 | 1 | 2 | 5 | 14 |

- नोटः– रिक्तियों की संख्या में कमी/वृद्धि हो सकती है।
- उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्तें, अर्हता, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट http://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

अध्यक्ष (DMFT) के आदेशानुसार

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार

PR 294709 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

उप विकास आयुक्त–सह–सचिव जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT), लातेहार

## क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिप सदस्य ने किया सेन्हा पीएचसी का निरीक्षण



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल का औचक निरीक्षण करते हुए विधि व्यवस्था का जायजा लिया। उसी दौरान रामनवमी मेला के समय 11 हजार बिजली तार के चपेट में आने से घायल मजदूर की जानकारी मिलते ही इलाजरत मजदूर से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी लेते हुए घटना का जायजा लिया। जिसपर उन्होंने कहा विद्यालय प्रांगण से 11 हजार बिजली तार गुजरने से बच्चों के लिए घातक है। इस बिंदु को लेकर उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण को अवगत कराते हुए हटवाने के दिशा में पहल किया जाएगा। वहीं अस्पताल कर्मियों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने को लेकर ध्यान आकृष्ट कराते हुए लैब,लेबर रूम चिकित्सा कक्ष सहित अस्पताल संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर अस्पताल कर्मियों से जायजा लिया। एंबुलेंस के बारे में भी पूछा गया जिस पर एक अस्पताल कर्मी द्वारा एक ही एंबुलेंस होने का बात बताते हुए एंबुलेंस का समस्या से अवगत कराया गया। वहीं जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा एंबुलेंस का समस्या को लेकर उच्च स्तरीय अधिकारीयों को अवगत कराते हुए एम्बुलेंस सेवा के लिये अनुरोध किया जाएगा।

## कोविड के बढ़ते संभावित खतरा को देखते हुए मॉक ड्रिल किया गया



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को कोविड की बढ़ती संभावित खतरा को देखते हुए तैयारियों का जायजा लेने हेतु मॉक डील किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन की देखरेख में मॉक डील का सफल संचालन किया गया। इस दौरान कोविद की मरीजों की पहचान कर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उसकी समुचित उपचार हेतु मॉक डील किया गया।इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 बेड की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें मरीजों को ऑक्सीजन देने समेत सभी सुविधाएं उपलब्ध किया गया है। उन्होंने कहा कि कोविड मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी एहतियात तैयारियां की गयी है। जिससे मरीजों की पहचान होने के बाद उसका समुचित इलाज हो सके। उन्होंने कहा के प्रखंड के सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं किसी भी मरीजों की पहचान होने पर तत्काल इसकी सूचना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को देते हुए मरीजों को एंबुलेंस की मदद को सीएचसी में पहुंचाया जा सके और उसकी तत्काल उपचार शुरू किया जा सके।मॉक ड्रिल कार्यक्रम में एमपीडब्ल्यू युवराज विक्रम सिंह चिकित्सा प्रभारी समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

## गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मुखिया ने कराया खराब चापाकल को दुरुस्त



लातेहार (आजाद सिपाही)। जिले में इन दिनों बढ़ती गर्मी के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है छोटे तलाब सूखने लगे हैं । साथ ही साथ आस पास के चंपाकल और कुआं भी जवाब देने लगा है, जिस कारण आदमी तो आदमी जानवर को भी पानी पीने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में लातेहार सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के समीप पतरातू ग्राम स्थित अस्नही खाड़ , सांसग बाजार ताड़ में कई विगत महीनों से चंपा कल खराब होने के कारण वहां के ग्रामीणों को पानी पीने के लिए काफी दिक्कतें उत्पन्न होती थी जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा इसकी जानकारी सांसग पंचायत के मुखिया आंती देवी को दिया गया । ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए मुखिया ने तुरंत मुखिया फंड से खराब पड़े चंपा कल को दुरुस्त कराने का काम किया है। वही ग्रामीणों ने मुखिया का साधुवाद किया इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि मंगल देव उराव ने कहा कि इन दिनों बढ़ते गर्मी को देखते हुए अपने पंचायत के आसपास के क्षेत्रों में हमलोग प्रति दिन भ्रमण करने का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को जानने का भी काम किया जा रहा है और साथ ही साथ जिन जगहों पर चंपा कल खराब पड़ा है उन चंपा कल को बनाने का काम कर रहे ताकि वहां के ग्रामीणों को पानी के लिए दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

## यात्री मेमू ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ महिला की मौत



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। रांची लोहरदगा फेरा लेने वाली डीएमयू यात्री मेमू ट्रेन की चपेट में आने से सोमवार की दोपहर लगभग 1:15 बजे लगभग 50 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत मौके पर हो गयी। घटना लोहरदगा स्टेशन से लगभग एक किलोमीटर कोयल नदी रेलवे पुल पार हुयी है। बताया गया कि, रांची जाने के लिए जब यात्री मेमू ट्रेन स्टेशन से निकली तो उसकी गति कम थी। भाक्सो रेलवे पुल के आगे लाल रंग की साड़ी पहनी महिला जल्दबाजी में रेलवे लाइन पार कर रही थी। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। समाचार लिखे जाने तक मृतक महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। घटना की सूचना पर पहुंची आरपीएफ की टीम और सदर थाना के पुलिस पदाधिकारी ने शव की पहचान के लिए मशक्कत कर रहे थे। इस संदर्भ में सदर थाना के एएसआई सुजीत कुमार व एएसआई मनीषा कुमारी ने बताया कि मृतक महिला की पहचान के लिए प्रयास किया जा रहा है। कहा ट्रेन का लोको पायलट ने ट्रेन से टकराते हुए महिला को देखकर इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दिया।

## लोहरदगा में आदिवासी संगठन के बंद का आंशिक असर रहा, नहीं चली लंबी दूरी की गाड़ियां



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार के नियोजन नीति के विरोध में आदिवासी संगठनों द्वारा आहूत झारखंड बंद का सोमवार को जिले में आंशिक प्रभाव रहा। बंद के दौरान स्थानीय गतिविधियां सामान्य रही। शहर में वाणिज्य व्यापार पर बंद का कोई प्रभाव नहीं रहा। सामान्य दिनों की तरह बाजार और दुकानें खुली रही और उनमें चहल-पहल देखा गया। साप्ताहिक हॉट और ईद बाजार के कारण शहर में रौनक बनी रही। ट्रेन और रोपवे का परिचालन सामान्य रहा। बॉक्साइट का उत्खनन और दुलाई पर बंद का कोई प्रभाव नहीं रहा। सभी सरकारी और निजी कार्यालय, स्कूल, बैंक, पोस्ट,पोस्टऑफिस, पेट्रोल पंप, कॉलेज सामान्य दिनों की तरह खुले रहे। बंद का प्रभाव सड़क यातायात में आंशिक देखा गया। लंबी दूरी की गाड़ियां नहीं चली। यात्री गाड़ी के परिचालन में बंद का आंशिक प्रभाव देखा गया। इधर बंद को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था किया था। चौक चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर सशस्त्र बलों के साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। समाचार लिखे जाने तक आदिवासी संगठनों द्वारा आहूत बंद के दौरान किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

# दो गांवों के बीच सीमांकन को लेकर जानलेवा विवाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** सरयू प्रखंड अंतर्गत पंचायत घासीटोला ग्राम पीरी के ग्रामीणों ने सामाहरणालय आकर उपायुक्त भोर सिंह यादव को सौंपा आवेदन। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पीरी के जंगल में महुआ, डोरी, कन्द मुल इत्यादि पेशा पीढ़ी दर पीढ़ी से उपयोग करते आ रहे हैं। जिसमें ग्राम मुकुन्दपुर के ग्रामिण सन 2021-22 से जंगल के मध्य भाग में अपने से सिमाना बनाकर महुआ चुनने में विवाद कर रहे हैं। जहां तक कि विते वर्ष भी विवाद को लेकर थाना में एवं महुआडांड़ अनुमण्डल में, अनुमण्डल पदाधिकारी के द्वारा मौखिक समझौता हुआ था। और वन प्रमण्डल पदाधिकारी वफर एरिया पलामू को आवेदन देखर ग्राम पीरी के ग्रामिणों ने गुहार लगाई परन्तु आज तक बन विभाग के द्वारा कोई सुनवाई नहीं किया गया और ग्राम मुकुन्दपुर के ग्रामिणों ने पुनः दिनांक 6अप्रैल 2023 को करीब 8 बजे दिन ग्राम पीरी के ग्रामीण महुआ चुनने गए और उसी दौरान लाठी डंडे और पत्थर से जान लेवा हमला कर दिये जिससे हम पीरी के ग्रामीण जख्मी हो गये। और दुबारा जान से मारने का भी धमकी दिया गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन देकर सिमाना को हटाने और दोनों गावों के बीच विवाद को शांत कराने का अपील किया है।

### तीन माह पूर्व जंगली जानवर के हमले से हुई मौत, नहीं मिला पीड़ित परिवार को मुआवजा

# सरकारी महकमा से मिलने वाले लाभ का आज भी बाट जोह रहा परिवार

आाजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के छेचा पंचायत के रहमत नगर में तीन महीने पूर्व एक जनवरी को अहले सुबह शौच करने घर से बाहर निकले वृद्ध मुस्ताक खान उम्र लगभग 60 वर्ष की जंगली जानवर की हमले से मौत हो गया था। जिसके बाद वन विभाग के प्रति ग्रामीणों मे काफी आक्रोश देखा गया था। वही घटना की सूचना पर मानिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचन्द्र सिंह , प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय,थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, वनपाल शशांक शेखर पांडेय, पूर्वी जीप सदस्य, कन्हाई सिंह, समेत अन्य जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार के घर पहुँचे थे। घटना के बाद जुटे ग्रामीणों व उसके परिजनों के द्वारा उचित मुआवजा व परिजनों की नौकरी की मांग को लेकर अड़े हुए थे। लेकिन वन विभाग द्वारा किसी तरह की सकारात्मक जवाब नहीं मिलने के कारण ग्रामीण शव को पोस्टमार्टम हेतु नहीं उठाने दे रहे थे। तब मौके पर पहुंचे विधायक रामचंद्र सिंह ने वन अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर भुक्तभोगी परिजनों को 400000 रूपये की मुआवजा व उसके परिजनों को एक सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया। दूरभाष पर ही डीएफओ आशीष कुमार ने भी 4लाख रुपए और सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दूरभाष पर ग्रामीणों को दी थी। परन्तु अब तीन माह बीत गए उसके बाउजूद भी पीड़ित परिवार को न मुआवजा मिला ना ही नौकरी।इस दौरान मुस्ताक के परिजनों ने कहा कि जब आश्वासन मिला था तब 1 अप्रैल तक हरहाल मे मुआवजा और नौकरी देने की बात कही गयी थी। परन्तु अबतक दोनों में से एक भी लाभ नही मिला है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाने को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को 20 अप्रैल को मनाये जाने वाली राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की सफलता को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी स्वास्थ्य कर्मी, स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे। प्रशिक्षण शिविर में चिकित्सा प्रभारी डॉ रंजन ने 20 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस में प्रखंड के 1 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों को बीमारी रोधक दवा खिलाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों एवं सभी स्कूलों में इस बीमारी से बचाव हेतु दवा खिलाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी स्वास्थ्य सहिया अपने अपने केंद्रों के अगल-बगल के बच्चों को इस बीमारी से बचाव हेतु प्रचार प्रसार करते हुयी दवा खिलाने में सहयोग करेंगे। वही 20 अप्रैल से पूर्व इस बीमारी से बचाव हेतु दवा बाल विकास परियोजना केंद्र एवं शिक्षा विभाग के प्रखंड संसाधन केंद्र में दवा उपलब्ध करा दिया जाएगा। ताकि सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में दवा ससमय उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु जहां 20 अप्रैल को निर्धारित केंद्रों में दवा खिलाया जाएगा वही 25 अप्रैल को विशेष कार्यक्रम चलाकर छूटे हुए बच्चे को इस बीमारी से बचाव हेतु दवा खिलाया जाएगा। शिविर में प्रशिक्षण शिविर मे, बीपीएम ओमप्रकाश कुमार सीएचओ खुशबू कुमारी एक्का, जियाउल अंसारी, समेत सभी नर्स,एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### वाहन जांच अभियान में बाइक राइडर रहे निशाने पर

## वाहन मालिकों से वसूला गया जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना में कमी लाने और ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने को लेकर सोमवार को संख नदी पुलिस पिकेट के निकट जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी व ट्रैफिक इंचार्ज संतोष कुमार यादव की अगुवाई में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान छोटे-बड़े निजी और व्यवसायिक वाहनों की जांच की गयी। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुमार्ना वसूला गया। वाहन संबंधी कागजात दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया गया। मिनिमम गति में वाहन चलाने और सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने की हिदायत भी वाहन चालकों को दिया गया। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने व सावधानी से बाइक चलाने की चेतावनी देकर छोड़ा गया। सड़क में बाइक राइडर्स को दबोच कर उनसे जुमार्ना वसूला गया। कड़ी चेतावनी और बंधपत्र लिखवा कर कतिपय युवाओं को छोड़ा गया। इस संदर्भ में जिला जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी ने कहा कि, परिवहन विभाग ट्रैफिक नियमों का अनुपालन करने के प्रति गंभीर है। इसके तहत जिले के विभिन्न प्रमुख सड़कों पर नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। कहा कि, जांच के दौरान लापरवाही बरतने वाले चालकों और वाहन के कागजात दुरुस्त नहीं रखने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध परिवहन विभाग सीधा कार्रवाई करेगा।

### कोरोना को लेकर सदर अस्पताल में किया गया मॉक ड्रिल

# लोहरदगा में कोविड के नौ मरीज चिन्हित

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को सुनियोजित तरीके से नियंत्रण करने को लेकर सोमवार को स्थानीय सदर अस्पताल परिसर में मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और सिविल सर्जन संजय कुमार सुबोध की अगुवाई में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान आपात स्थिति से निपटने का रिहर्सल किया गया। इस दौरान सदर अस्पताल के जनरल वार्ड, स्पेशल वार्ड, कोविड ऑपरेटिव वार्ड, चाइल्ड वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट, आईसीयू समेत पूरे अस्पताल की बारीकी से जांच कर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया। संक्रमण बढ़ने की स्थिति में मरीजों को तत्काल ऑक्सीजन बेड, दवा उपलब्ध होने की स्थिति को देखा गया। कोविड एक्सपर्ट डॉक्टर नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती देखी। मौके पर सदर अस्पताल में नव स्थापित ऑक्सीजन प्लांट को चालू करा कर ऑक्सीजन की सप्लाई सभी वार्डो में कराकर देखी गयी। अस्पताल में उपलब्ध ऑक्सीजन सिलेंडर की जानकारी लिया गया। वही अस्पताल को कोविड से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार किया गया। अस्पताल में कोविड मास्क, नेबुलाइजेशन मशीन, एक्सपर्ट डॉक्टर नर्स को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण सिविल सर्जन संजय कुमार सुबोध कोविड नोडल अधिकारी डॉ प्रशांत चौहान अस्पताल प्रबंधक सुभाषिनी तिर्की समेत अन्य मौजूद थे।



### जांच और इलाज की है पूरी तैयारी: उपायुक्त

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा जिले में कोविड महामारी के रोकथाम के लिए सरकार के निर्देश पर मॉक ड्रिल अभ्यास किया गया । जिससे संक्रमण बढ़ने की स्थिति में सहजता के साथ उसे नियंत्रित किया जा सके। कहा, कोविड जांच की जांच रेलवे स्टेशन और पूर्व से बनाए गए चेक पोस्ट करने की व्यवस्था है । बाहर से आने वाले लोगो की जांच कर जिला प्रशासन उनपर नजर रखेगी। कोविड पॉजिटिव केसे में मरीज को कोरेनटाइन सेंटर में रखने की ठोस व्यवस्था है।वर्तमान में लोहरदगा जिले में 9 कोविड संक्रमित मरीज की पहचान की गई है।

### कोविड से निबटने की है ठोस तैयारी: सीएस

सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने कहा की सरकार के निर्देश पर अस्पताल पूरी तरह से तैयार है अस्पताल में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। कहा, सदर अस्पताल के टेक्नीशियन और ऑपरेटर को विशेष प्रशिक्षण रांची रिम्स में देने का प्रस्ताव स्वास्थ्य विभाग के सचिव को दिया गया है।

## सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न




बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ भाजपा मंडल कार्यालय में 11अप्रैल को मुख्यमंत्री सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर बैठक की गयी। जिसमें क्षेत्र के तमाम भाजपा के समर्पित कार्यकताओं को रांची चलो सचिवालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी। मौके पर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू जिला कार्यसमिति सदस्य संजय यादव मंडल महामंत्री राम कुमार गुप्ता विजय यादव ऐसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू भाजपा जिला महामंत्री सूरज शाह भाइयों सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद मंडल मंत्री अखिलेश गुप्ता किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ऐसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष महावीर तुरी बूथ अध्यक्ष विजय ठाकुर एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मुंडा समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राज्य पेंशनर समाज ने मांगों को लेकर धरना सत्याग्रह किया



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की लोहरदगा जिला इकाई ने सोमवार को समाहरणालय मैदान में अपनी लंबित और जायज मांगों को लेकर धरना देकर सत्याग्रह सभा किया। धरना-सत्याग्रह के माध्यम से प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को प्रेषित मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा गया।उपायुक्त द्वारा प्रतिनिधिमण्डल को मांग-पत्र को प्रधान मंत्री एवं मुख्यमंत्री को भेज देने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरीन्द्र कुमार ने किया। महेश कुमार सिंह राष्ट्रीय सचिव सह कार्यकारी महासचिव झारखण्ड राँची ने विस्तार से मांगों पर चर्चा किया। कार्यक्रम में मोहन मिंज,गिरीन्द्र कुमार, सेतुबाँध शर्मा, देवमनी कुमारी,सुभद्रा देवी,वरदानी बेक,सुशीला तिग्गा ,आनन्दी सिंह, बिसनी उराईन,सुकरी उराईन,मंजू तिग्गा,घुरती उराँव,शाँति देवी आदि पेंशनर समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआडांड परिसर में दिखा लकड़बग्घा

महुआडांड (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआडांड परिसर में रविवार की देर शाम आसपास के रहने वाले लोगों को लकड़बग्घा दिखे जाने से जहाँ एक ओर लोग आश्चर्यचकित हैं तो दूसरी ओर लोगों में दहशत व्याप्त है। वहीं ढ़ाई माह पहले भी स्वीट पैलेस के प्रो. राजू प्रसाद के द्वारा भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआडांड परिसर के समीप लकड़बग्घे को देखा गया था। बाद में डरे सहमे लोगों के द्वारा इसकी जानकारी महुआडांड वन विभाग के कर्मियों को दी गयी, जानकारी मिलते ही वन विभाग के कर्मी हरकत में आये और संदेह की पुष्टि करने के लिए वनकर्मी संजीव कुमार पांडेय एवं श्रीकांत मिश्रा के नेतृत्व मे वनकर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर स्थित वर्षों से अधुरे पड़े अर्द्धनिर्मित भवन जो कि जंगल में परिवर्तित हो गया है उसमें सघन अभियान चलाये। अभियान के क्रम में वनकर्मियों ने देखा कि अर्द्ध निर्मित भवन में गुफा नुमा खोह बना हुआ है साथ ही कोई मांसाहारी जानवर के द्वारा खाये गए जानवर (सुअर एवं कुत्ता) का अवशेष मौजूद है। वनकर्मी संजीव कुमार पांडेय ने बताया कि इस बात से इनकार नही किया जा सकता है कि कोई जंगली जानवर यंहा आता है। सो सही जानकारी के लिए ट्रैकर कैमरा भी लगाया गया है।

## कोरोना के संभावित प्रकोप को देखते हुए पीएचसी बारिखाप में किया गया मॉक ड्रिल



बारियातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप मे राज्य सरकार और सिविल सर्जन लातेहार के निदेर्शानुसार कोरोना के संभावित प्रकोप को देखते हुए सोमवार को सीएचसी प्रभारी सुरेश राम ने मॉक ड्रिल किया। मॉक ड्रिल के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए प्रभारी राम ने कहा की कोराना के संभावित प्रकोप को देखते हुए महामारी जैसे बीमारी से निपटने के लिए कोविड सेंटर बारिखाप मे स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मॉक ड्रिल किया गया। आगे कहा कि कोराना के संभावित प्रकोप को देखते हुए राज्य सरकार, उपायुक्त व सिविल सर्जन द्वारा कोरोना का गाइडलाइन को पालन कराने का निर्देश दिया गया है जिसके आलोक मे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।कोरोना से बचाव के सम्बन्ध मे जानकारी देना है.पूर्व के भांति दुरी बनाकर रहना, मास्क लगाना, सेनिटाइजर का उपयोग करना सहित बचाव के लिए जागरूकता करना, जाँच के बाद कोरोना पोजेटिव पाये जाने वाले मरीजों को बनाए गए कोविड सेंटर बारिखाप मे मॉक ड्रिल के दौरान इलाज के सम्बन्ध मे स्वास्थ्य कर्मियों को एक मरीज बनाकर जाँच करने, ऑक्सीजन लगाने व सेंटर मे कैसे ले जाना है उसका प्रेटिकल कराया गया।मौके पर बीपीएम मृत्युंजय कुमार, एलटी संदीप कुमार, एमपी डब्लू अशोक कुमार, संदीप कुमार बलराम कुमार, तरुण कुमार कीर्ति, गुलाम कुरैशी, प्रवीण कुमार, जितेंद्र कुमार सिन्हा, मुकेश कुमार यादव, वृंदा गोप, सीएचओ ममता कुजूर, सैलीना एक्का, अल्का एलीन कुजूर, वैलेंनटीना कुजूर,एसटीएस राजीव कुमार रंजन, रंजीत कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## कुडू में मिल्क एंड डेयरी प्रोडक्शन यूनिट के अधिष्ठापन के प्रगति की समीक्षा

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एससीए की बैठक हुई। बैठक में आकांक्षी जिला के रूप में लोहरदगा जिला को प्राप्त अवार्ड मनी से कुडू प्रखंड में मिल्क एंड डेयरी प्रोडक्शन यूनिट के अधिष्ठापन के प्रगति की समीक्षा की गई । जिसमें कार्य में प्रगति लाने के निदेश दिए गए। झारखंड टूल रूम में सीएनसी ऑपरेटर और वेल्डिंग मशीन ऑपरेटर कोर्स में अगले बैच के लिए युवक-युवतियों से आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने का निदेश दिया गया। आईएचएम, ब्राम्बे, रांची के द्वारा तीन प्रस्तावित कोर्स के लिए आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने के निदेश दिए गए।

इसके अतिरिक्त एस सी ए अंतर्गत ली गयी योजनाओं में प्रगति लाने के निदेश दिए गए। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, सहायक जिला योजना पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन के फेलो उपस्थित थे।

## साइबर चोरों ने ग्रामीण के एटीएम कार्ड से 50000 उड़ाये




भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। साईबर चोरों द्वारा ग्रामीणों के एटीएम कार्ड बदल कर खाते से पैसे उड़ाने की इस तरह की घटना को पहले भी अंजाम दिया गया है। भंडरा थाना क्षेत्र के मकुन्दा गांव निवासी पीड़ित सुनील उरांव ने बताया एटीएम में पैसे निकासी के लिए गया था अपना कार्ड जैसे ही डाला उसी दरमियान एक पल्सर बाइक में जींस और टोपी पहने युवक अंदर आया और अपना एटीएम पिन चेंज करने की बात कहने लगा। इसी दरमियान बातों में उलझा कर अपना एटीएम कार्ड निकाला और मेरा मशीन में लगे एटीएम कार्ड को बदल दिया और एटीएम कार्ड लेकर चला गया। थोड़ी देर बाद मोबाइल में जब 49500 निकासी का मैसेज आया तो घबरा गया और तुरंत बैंक जाकर पूछताछ की तो पता चला मेरा एटीएम कार्ड से रिलायंस कंपनी में सारा पैसा ट्रांसफर किया गया है। इधर ठगी के शिकार हो चुके पीड़ित ने मामले को लेकर भंडरा थाने में आवेदन देने की बात कही है।

## नक्सली हमला : वर्षों बाद बिशुनपुर प्रखंड में नक्सलियों की दस्तक

# सड़क निर्माण करा रहे शौर्य कंस्ट्रक्शन के दो वाहनों को जलाया

**पुलिस के आने की सूचना पर नक्सली बाकी वाहनों को छोड़कर भाग निकले**

**पुलिस की तत्परता के कारण बाकी वाहन जलने से बच गये**









**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** प्रखंड में वर्षों बाद नक्सलियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। माओवादियों ने सड़क निर्माण में लगे वाहनों को टेमरकरचा जंगल में फूंक डाला। घटना सोमवार को दिन के लगभग 4:00 बजे घटी। छोटे हथियार से लैस सामान्य ड्रेस में लगभग आधा दर्जन नक्सली टेमरकरचा जंगल पहुंचे। जहां पर जमटी से टेमर करचा तक सड़क निर्माण कर रहे शौर्य कंस्ट्रक्शन के साइट में पहुंचे। जहां पर सभी मजदूरों के मोबाइल को छीनते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद नक्सलियों के द्वारा अपने साथ में लाये पेट्रोल को छिड़ककर एलएनटी रोलर मशीन एवं पेवर मशीन में आग लगा दी गयी। जिससे मशीन धू-धू कर जलने लगी। इधर नक्सलियों के द्वारा रोलर में आग लगाने के पश्चात मौके पर मौजूद अन्य वाहनों में भी आग लगाने का प्रयास किया जा रहा था, तभी बिशुनपुर थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह को घटना की जानकारी मिली और वे तत्काल दल बल के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हो गये। इधर पुलिस की आने की सूचना पाकर नक्सली घटनास्थल से आनन-फानन में रवाना हो गये। अन्य वाहनों पर भी नक्सलियों के द्वारा आगजनी घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया था। परंतु पुलिस की तत्परता के कारण बाकी वाहन जलने से बच गए। घटनास्थल पहुंचने के बाद पुलिस के द्वारा वाहनों में लगायी गयी आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया, जिससे अन्य वाहन सुरक्षित बच गये।

### नक्सलियों ने सड़क निर्माण कर रहे हैं मुंशी को दिया पर्चा

आगजनी घटना को अंजाम देते समय नक्सलियों के द्वारा मौके पर सड़क निर्माण का कार्य करा रहे मुंशी राम प्रवेश साहू को एक पर्चा दिया गया। हालांकि उस पर्चे में क्या लिखा हुआ है यह पता नहीं चला है। रामप्रवेश से संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि इस घटना को अंजाम भाकपा माओवादी के द्वारा दिया गया है। हालांकि इसकी पुष्टि अधिकारिक तौर पर अब तक नहीं की गई है घटना के उपरांत बिशुनपुर पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवान जंगल में सर्च अभियान चला रहे हैं।

**घटिया सड़क निर्माण का आरोप लगाकर नक्सलियों ने घटना को दिया अंजाम :** आगजनी के दौरान नक्सलियों के द्वारा मजदूरों से मारपीट करते हुए कहा गया कि सड़क निर्माण में लगे शौर्य कंस्ट्रक्शन काफी घटिया सड़क निर्माण का काम कर रहा है। जिसे पूर्व में भी गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण करने की बात कही गई थी। परंतु कंट्रक्शन कंपनी सिर्फ इस क्षेत्र में लूटने का काम कर रही है। जिस कारण यह घटना को अंजाम दिया जा रहा है। मौके पर उपस्थित कुछ चालकों ने कहा कि वे लोग पैसे की बात भी कर रहे थे।

**घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल :** नक्सलियों के द्वारा वर्षों बाद बिशुनपुर प्रखंड में दस्तक देते हुए आगजनी जैसी घटना को अंजाम देने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल फिर से कायम हो गया है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि यह क्षेत्र बहुत शांत हो गया था। काफी दिनों से नक्सली गतिविधि नहीं हो रही थी। परंतु अचानक नक्सलियों के द्वारा आगजनी घटना को अंजाम दिया गया। जिससे पूरे क्षेत्र में भय का माहौल फिर से स्थापित होने लगा है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### एक हाथी के उत्पात से कई गांव के ग्रामीण परेशान मुआवजा के लिए प्रक्रिया में जुटा है वन विभाग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लगातार पिछले 10 दिनों में गुमला वन प्रमण्डल अन्तर्गत कुरूमगढ़ वन क्षेत्र के मौजा- हिसरी, शंखसरडीह, तिलहईटोली, रेगारी एवं श्रीनगर में एक जंगली हाथी द्वारा ग्रामीणों का कच्चा मकान एवं भंडारित अनांज को क्षति पहुंचाया गया है। हाथी द्वन्द्व से बचाव के लिए लगातार तिलहईटोली, रेगारी, श्रीनगर एवं आस-पास के क्षेत्रों में लाउड स्पीकर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही कोकावल, हिसरी, शंखसरडीह, तिलहईटोली, रेगारी, श्रीनगर, छत्तरपुर एवं शंखसरडीह के ग्रामिणों को कई पैकेट पटाखें तथा ड्रैगन टॉर्च दिया गया। इस संबंध डीएफओ ने लोगों से अपील की है कि वे हाथियों के समीप न जाये। हाथियों के देखे जाने पर शीघ्र वन विभाग को सूचित करें। अपने मकान में महुआ का संग्रहण न करें। किसी प्रकार की घटना होने पर मुआवजा हेतु तुरन्त वन विभाग को सूचित करें ताकि मुआजवा का तत्काल भुगतान किया जा सके।

## माओवादी समर्थक बता कर थाना प्रभारी कर रहे हैं प्रताड़ित

**यह आरोप गुमला जिला के सुरसांग थाना अंतर्गत ग्राम निवासी सुदामा प्रधान ने एसपी को आवेदन देकर लगाया है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सुरसांग के थाना प्रभारी माओवादी समर्थक बता कर एक व्यक्ति को साप्ताहिक हाजरी में तलब करते हैं। थाना प्रभारी द्वारा उक्त व्यक्ति के साथ मारपीट, गाली गलौज और दुर्व्यवहार किया जाता है।

यह आरोप गुमला जिला के सुरसांग थाना अंतर्गत ग्राम सानयाकोना कोजांग निवासी सुदामा प्रधान ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर लगाया है। सुदामा ने दिए गए आवदेन में बताया है कि सुरसांग थाना प्रभारी लगभग छह माह से पन्द्रह दिन सप्ताह दिन में थाना तलब करते हैं और माओवादी का समर्थक होने का आरोप लगाते हुए अससंदीय भाषा में गाली गलौज करते हैं। मारपीट भी करते हैं। मेरे साथ मेरी पत्नी थाना आती है तो उसे भी गाली गलौज करते हैं और महिला पुलिस से पिटवाने की बात करते हैं। थाना तलब करने और मारपीट गाली गलौज करने का कारण पूछने पर नहीं बताया जाता है और प्रत्येक सप्ताह हाजरी लगानी पड़ रही है। हमलोग खेती किसानी का काम करते हैं। प्रत्येक सप्ताह 14 किलोमीटर दूरी तय कर थाना आना-जाना पड़ता है। जिससे हमारा काम में भी नुकसान होता है। ज्ञात हो कि मेरे पिताजी स्व. मंगरा प्रधान पर लगभग 23 साल पहले माओवादी समर्थक होने का पुलिस द्वारा आरोप लगाया गया था। पुलिस ने 30 किलोमीटर दौड़ा कर पकड़ने का दावा किया था और जेल भेज दिया था। जेल से निकलने के बाद जुलाई 2000 में उनकी मौत हो गई। जबकि हकीकत यह है कि वह पैर से विकलांग थे और लाठी के सहारे चलते थे। उम्र लगभग 70 वर्ष थी। उस घटना से तथा अब भी माओवादी से मेरा दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। मैं निर्दोष हूं। लेकिन प्रत्येक सप्ताह थाना बुलाए जाने और मारपीट गाली गलौज किये जाने के कारण मैं मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहा हूं। मैं निर्दोष हूं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से न्याय दिलाने की गुहार लगायी है।

### खस्सी चोरी के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बघनी गांव निवासी मोकरम अंसारी (19), रजाबुल अंसारी (18), सईद अंसारी (19) को खस्सी चोरी के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने चोरों के पास से एक खस्सी व एक जेएच 01 बी वाई 8628 बाइक भी जब्त किया है। इस बावत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि जैरा से खस्सी चोरी कर भाग रहे तीन युवकों को भंडरा चट्टी गांव के ग्रामीणों ने खस्सी और बाईक के साथ पकड़कर रविवार को भंडरा पुलिस को सौप दिया था। भंडरा पुलिस के पूछताछ में तीनों युवकों ने अपना नाम मोकरम, रजाबुल, सईद व गांव बघनी बताया। जिस पर भंडरा पुलिस ने सिसई पुलिस से सम्पर्क कर तीनो युवक को सौप दिया। वही उन्होंने बताया कि जैरा गांव निवासी बंधना उरांव के आवेदन पर रविवार को तीन अज्ञात युवकों के विरुद्ध खस्सी चोरी का केस दर्ज किया गया था।

## कोविड संक्रमण की तैयारियों को लेकर गुमला सदर अस्पताल में किया गया मॉक ड्रिल

**कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सदर अस्पताल में उपलब्ध कोविड संसाधनों का औचक परीक्षण करना था**

**सिविल सर्जन ने लोगों से की कोविड संबंधित नियमों को अपनाने की अपील**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को सदर अस्पताल परिसर में एहतियाती कोविड संक्रमण की तैयारियों को परखने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश पर आयोजित उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सदर अस्पताल में उपलब्ध कोविड संसाधनों का औचक परीक्षण करना था। ड्रिल के दौरान कोविड मरीज को अटेंड करने तथा ऑक्सीजन उपलब्ध कराने एवं प्रथम उपचार करने का नाटकीय अभ्यास किया गया।इस दौरान वहां निर्मित ऑक्सीजन प्लांट का संचालनात्मक निरीक्षण व परीक्षण किया गया।

मौके पर सिविल सर्जन राजू कच्छप, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सह डीपीआरओ संजय कुमार, हॉस्पिटल जनरल राजीव कुमार, डॉक्टर नागभूषण, डॉक्टर परमहंस सहित पैरामेडिकल स्टाफ के लोग मौजूद थे। सिविल सर्जन ने लोगों से अपील की कि कोविड अनुकूल उचित नियमों को अपनायें तथा भौतिक दूरी, मास्क आदि को पूर्ववत अपनाते रहें।

## जिले में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया

**जिला आयुष पदाधिकारी ने लोगों से की होम्योपैथिक को अपनाने की अपील**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सोमवार को विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर आयुष भवन गुमला में हैनीमैन जयंती मनायी गयी। जिला आयुष कार्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के अलावा संघ के कई प्रसिद्ध लोग भी शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक दीप प्रज्वलन के उपरांत डॉ हैनिमैन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्जित कर की गयी। डॉ अनुराधा गुप्ता ने डॉ हैनिमैन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए होम्योपैथी के क्षेत्र में उनके योगदान को रेखांकित किया। जिला आयुष पदाधिकारी डॉ परमहंस ने लोगों के होम्योपैथिक अपनाने की अपील की। कार्यपालक पदाधिकारी सह डीपीआरओ संजय कुमार ने कहा कि होम्योपैथी को अपनाकर लोग अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता दुगना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड काल में लोगों ने होम्योपैथी को अपनाया था, मुफ्त दवाइयां भी बांटी गई थी।

### हनुमान मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव पर अखंड हरिकीर्तन का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित बजरंग बली हनुमान मंदिर का सोमवार को 33वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां मंदिर के पुजारी लाल बाबा ने गणेश पूजा, नवग्रह पूजा, पंचदेव पूजा, षोड्शो मातृका पूजा व बजरंगबली की पूजा की गई। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। वार्षिकोत्सव के मौके पर 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन व शाम में भंडारे का वितरण किया गया। वहीं मंगलवार को पूजा-अर्चना के बाद पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश कुमार राय, राज राय, प्रेम राय, सौमित्र शर्मा, साधन राय, सोनू कुमार, सुजीत राय, वाणी कुमार राय, धनंजय कुमार राय, दीपक सेन, रमेश प्रसाद गुप्ता, अनुज कुमार गुप्ता, प्रकाश टाना भगत, महेश टाना भगत, विनोद उरांव, ईश्वर गोप, तुर्कू गोप, उमेश सिंह, शिवनाथ साहू, सुरेश उरांव, जिगवा टाना भगत, बासु उरांव, गोविंदा उरांव सहित कई लोगों ने सराहनीय योगदान दिया।

### लापुंग के कातिंग केला में निकाला गया सरहुल जुलूस



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रकृति पर्व सरहुल पर लापुंग के कातिंग केला में सोमवार को सरहुल जुलूस निकाला गया।इससे पूर्व सरना स्थल में विधिवत पूजा-अर्चना किया गया। वही गांव के बच्चे महिलाएं व पुरुष जुलूस में शामिल हुए।इस दौरान भाजपा के सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत,बेड़ो सरहुल पूजा महासमिति के जुगेश उरांव,अनिल टोप्पो व प्रभात टोप्पो शामिल हुए। जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। मौके पर राकेश भगत ने कहा झारखंड का प्राकृतिक पर्व सरहुल हमारी संस्कृति, धर्म और अस्तित्व से जुड़ी है।यहां के सभी पर्व त्योहार में प्रकृति की पूजा-अर्चना की जाती है।हमें इस परंपरा को बचाये रखना है। जुगेश उरांव ने कहा कि गांव के विकास के लिए सभी लोगों को मिलजुल कर आगे आने की जरूरत है। उन्होंने लोगों को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी।

### मर्यादित व्यवहार करें पदाधिकारी और सिटी मैनेजर : सैयदा खातुन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातुन एवं नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी के नाम मांग पत्र दिया और बताया कि गुमला नगर परिषद में कार्यरत सिटी मैनेजर का व्यहार मिशन बदलाव के समाजिक कार्यकताओं के प्रति बहुत नकारात्मक है एवं सहयोगी नहीं है।जब कभी भी नगरपरिषद की साफ सफाई एवं वार्ड की कोई भी समस्या एवं अन्य किसी प्रकार की समस्याओं को लेकर अवगत कराया जाता है।जो नगरपरिषद के कार्यछेत्र एवं अधिकार में है और उनको समस्याओं को लेकर अवगत कराया जाता है तो समस्याओं को लेकर वो गंभीरता नहीं दिखाते है और उनका कहना है कि और कोई पदाधिकारी एवं वार्ड कमिश्नर बोलेंगें तब ही साफ सफाई किया जायेगा,वार्ड की सफाई एवं वार्ड की अन्य समस्या को लेकर कॉल करने पर बहुत नकारात्मक तरीके से बात करते है।मिशन बदलाव के सैयदा खातुन एवं ज्योति वर्मा ने बताया कि नगरपरिषद कार्यपालक पदाधिकारी को सभी मामलों को अवगत करा दिया गया है और आग्रह किया किया गया है कि अगर नगर परिषद पदाधिकारी समस्या को लेकर गम्भीरता नहीँ दिखाएंगे तो उपायुक्त से मिलकर समस्या को मांगपत्र सौंप कर अवगत कराया जायेगा और करवाई के लिए जिला प्रसाशन को आग्रह करेगा,आज मांग पत्र सौंपने के क्रम में मिशन बदलाव महिला नगर सचिब जयोति ग्लोरिया कुजूर, चंदकला टोप्पो एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### वाहन जांच के दौरान एंजेल नामक बस से लगभग बीस किलो गांजा जब्त



**बसिया (आजाद सिपाही)।** पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच के दौरान बसिया थाना चौक में एंजेल नामक बस से लगभग बीस किलो गांजा जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार एएसआई बुद्धदेव उरांव के नेतृत्व में चार पहिया और बसों की सघन जांच की जा रही थी। इसी दौरान लगभग साढ़े चार बजे सिमडेगा से रांची जा रही बस की एएसआइ बुद्धदेव उरांव द्वारा तलाशी ली गई। जिसमें एक बैग की तलाशी लेने और उसके मालिक के संबंध में पूछताछ करने के दौरान कोई सामने नहीं आया, तब बीड़ी उरांव द्वारा बस को थाना परिसर में खड़ा करवा करा दिया गया। इसके बाद थाना प्रभारी छोटू उरांव, एसआइ भानु भारती, घनश्याम कुमार रवि, मंटू कुमार, पायल कुमारी द्वारा तलाशी लेने पर चार बैगों में छुपाकर ले जा रहे चार पैकेट में लगभग 20 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। इसके बाद पुलिस द्वारा गांजा तस्करों की सघन खोज की गयी जिसमें उनके कपड़ों और सामानों के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। जिन्होंने ओडिसा के भवानी पटना से गांजा लेकर बिहार जाने की बात स्वीकार की। इसके बाद बसिया पुलिस द्वारा मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय की मौजूदगी में बिहार निवासी सरोज कुमार और राजेंद्र चौधरी नामक दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि सार्वजनिक वाहनों के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी की जाती रही होगी। बसिया पुलिस द्वारा जिस एंजेल नामक बस से गांजा जब्त किया गया उसमें काफी यात्री थे और उसमें से कुछ यात्रियों को रांची से दूसरी बस और ट्रेन पकड़कर अन्य गंतव्य जाना था जिसको देखते हुए बसिया पुलिस ने बस को छोड़ दिया और मंगलवार को थाना परिसर में लाकर लगाने की बात बस मालिक और चालक से कही।

## परेशानी : बेड़ो सीएचसी में एक लैब टेक्नीशियन के भरोसे होती है गर्भवती महिलाओं की जांच

# लंबी लाइन के कारण कई महिलाएं बगैर जांच के ही लौट जाती हैं घर

**सीएचसी में प्रत्येक महीने के 9 या 10 तारीख को गर्भवती महिलाओं की होती है जांच**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड के 17 पंचायत के 84 गांव की गर्भवती महिलाओं को जांच करवाने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीएचसी की जांच लैब में टेक्नीशियन की कमी का खमियाजा यहां के मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

महिलाओं को सुबह से घंटों कतार में बैठने के बाद उनका नंबर आता है। इससे महिलाओं में रोष व्याप्त है। सीएचसी बेड़ो में प्रत्येक महीने के 9 या 10 तारीख को गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है। जबकि सीएचसी में तीन लैब टैक्नीशियन की जरूरत है। लेकिन अभी मात्र एक ही लैब टेक्नीशियन के भरोसे जांच व्यवस्था चल रही है। ऐसे में जांच कार्य में विलंब से सुदूरवर्ती गांव से आने वाली महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ती है।

एक लैब टेक्नीशियन के चलते कई बार जांच अधिक होने से अस्पताल बंद होने का समय हो जाता है।

ऐसे में मुख्यालय के इस सीएचसी में कम से कम तीन टेक्नीशियन की आवश्यकता है। लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते मात्र एक ही लैब टेक्नीशियन के भरोसे जांच कार्य चल रहा है। साथ ही अन्य प्रकार की जांच भी इसी लैब टेक्नीशियन के ऊपर है। इससे एक ही टेक्नीशियन को काफी परेशानी होती है। ऐसे में लैब के सुचारू रूप से संचालन तथा जांच में रोगियों की सुविधा हेतु प्रयोगशाला में कार्य संपादन के लिए पर्याप्त स्टाफ की जरूरत है। कम से कम दो लैब टेक्नीशियन तो होने चाहिए।

पूर्व में बेड़ो के एक अन्य लैब टेक्नीशियन को लापुंग सीएचसी में स्थानांतरित किया गया है। जबकि उनके जगह बेड़ो में मात्र एक लैब टेक्नीशियन के होने से प्रखंड की गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के हाथों रांची में सम्मानित हुए पर्यावरणविद कौशल

# पर्यावरणविद कौशल किशोर को मिला झारखंड का गौरव सम्मान

**पर्यावरण धर्म के 8 मूल मंत्रों के तहत अतिथियों को बुके नहीं पौधा देने का है विधान : कौशल व पूनम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची के रेडिसनब्लू होटल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को झारखंड का गौरव सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम की बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अलावा राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, संसदीय मंत्री आलमगीर आलम एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के



सम्मान ग्रहण करते पर्यावरणवित कौशल किशोर व मुखिया पूनम जायसवालष

प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने बाबूलाल मरांडी, जबकि वीपीएसए संस्था की प्रधान सचिव सह छतरपुर के पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को बेडरूम में रखने वाले विदेशी पौधा फिडललीप देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। इसके बाद बाबूलाल मरांडी और अन्नपूर्णा देवी ने पर्यावरणविद कौशल किशोर और मुखिया पूनम जायसवाल को झारखंड का गौरव नामक सम्मान और प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

बतातें चलें कि अब तक कौशल किशोर को देश और विदेश के सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों द्वारा 50 पुरस्कार व सम्मान दिया जा चुका है। उनके अभियान के 56 वर्षों में अबतक 50 लाख पौधे वितरण व रोपण करने का कीर्तिमान शामिल है। वन राखी मूवमेंट के प्राणेता कौशल ने कहा है कि दूर दृष्टि,कड़ी मेहनत और पक्का इरादा के साथ रात-दिन एक कर उन्होंने मिशन की शुरूआत की थी। कहा कि समाज सेवा से केवल मानव की सेवा होती है पर पर्यावरण सेवा से इस ब्रह्मांड के 84 लाख योनि जीवों की सुरक्षा होती है। बचपन से आज तक जंगल लगाओ जंगल बचाओ अभियान चलाकर तीसरा विश्वयुद्ध जल संकट और चौथा विश्वयुद्ध ऑक्सीजन संकट को टालने का प्रयास किया है। प्रदूषण से आजादी दिलाने के लिए शुरू किये गये इस अभियान से लोगों में काफी जागरूकता आयी है। इतना ही नहीं सरकार ने भी पौधरोपण पर विशेष ध्यान दिया है। आज हर कोई उनके अभियान की सराहना करता है। वहीं, मुखिया पूनम ने कहा है कि प्रदूषण से आजादी पाना है तो लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल मंत्रों को भी अपनाना होगा। सम्मान समारोह में छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रो अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल,शिल्पा जायसवाल, आराध्या जायसवाल, आशिका जायसवाल और आद्रिका व अनुषा भी शामिल थीं।

# आवास निर्माण में बरती जा रही अनियमितता की हो जांच: योगेंद्र

**बीस सूत्री अध्यक्ष ने किया प्रखंड परिसर में निमार्णाधीन आवास का निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय परिसर में अधिकारियों-कर्मचारियों के आवास निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा र ही है। सोमवार को निरीक्षण के बाद प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने आरोप लगाया। उनके नेतृत्व में एक दल ने निमार्णाधीन आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्राकलन के मुताबिक कार्य नहीं कराया जा रहा है। घटिया ईंट का इस्तेमाल हो रहा जिसका कोई नंबर नहीं है। बालू की जगह मिट्टी युक्त बालू, घटिया छड़ और सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने ठेकेदार के कर्मचारियों से भी जानकारी ली।



निर्माण स्थल का निरीक्षण करते बीस सूत्री अध्यक्ष व अन्य।

बीस सूत्री अध्यक्ष व अन्य ने बताया कि आवासों का निर्माण इसी तरह होता रहा तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। योगेंद्र सिंह ने बताया कि वह जांच रिपोर्ट विधायक कमलेश कुमार सिंह को देकर जांच कराने का आग्रह करेंगे। बताया कि जांच के बाद दोषी पाए जाने पर कार्यकारी एजेंसी के साथ ही विभागीय अभियंताओं पर भी कार्रवाई की मांग की जायेगी। बताया कि उनकी बात विधायक कमलेश कुमार सिंह से हुई है। जांच के आलोक में वे अनियमितता की शिकायत मुख्यमंत्री से भी करेंगे। वहीं, जांच दल में विनय पासवान, मनदीप राम, राजकुमार ठाकुर, रजनीश सिंह, बबन सिंह, रविन्द्र कांस्यकार, जिसान हसन, अजय चंद्रवंशी आदि शामिल थे।

# रेहला विश्रामपुर शहरी पेयजलापूर्ति योजना को मिली प्रशासनिक स्वीकृति : सांसद

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों से पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विश्व बैंक की मदद से केंद्रीय प्रायोजित योजना अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 (अमृत 2.0) के अंतर्गत 12 लाख 32 हजार 987 रुपये की लागत से रेहला-विश्रामपुर शहरी जलापूर्ति परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति 27 मार्च को कैबिनेट से प्रदान की गयी है। सांसद ने बताया कि उक्त परियोजना से विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत सभी वार्ड़ों में 10,271 घरों में लगभग 40 हजार की अबादी को शुद्ध पेयजलापूर्ति हो सकेगी। इस जलापूर्ति योजना का इंतजार विश्रामपुर प्रखण्ड की जनता को अविभाजित



बिहार राज्य के समय से ही था। उक्त कार्य को करने के लिए जुड़कों कंपनी को कार्य आवंटित किया गया है। जुड़को उक्त अबादी को तीन स्थान पर तीन स्टोरेज टैंक 20 लाख क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कर पाईप लाईन की मदद से कोयल नदी से पानी लाकर जलापूर्ति की जायगी।

# बेहतर पढ़ाई के लिए शिक्षक मीटिंग आवश्यक: अविनाश



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संत मरियम स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हो गई। नए शिक्षण तकनीक के साथ बच्चों के बेहतर पढ़ाई के लिए संत मरियम विद्यालय के शिक्षकों के साथ सोमवार को बैठक की गई। जिसमें बच्चों के बौद्धिक विकास, विद्यालय एवं पढ़ाई के प्रति रुचि जगाने आदि को लेकर नए-पुराने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि बच्चों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए समय-समय पर शिक्षकों के साथ मीटिंग और प्रशिक्षण बेहद आवश्यक है। प्रशिक्षण के बाद नई ऊर्जा और जोश के साथ सभी शिक्षक विद्यार्थियों को नई-नई तकनीक हेतु प्रेरित करते है। वहीं, प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि संत मरियम विद्यालय प्रबंधन स्थापना के प्रारंभिक दौर से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है।

# धूल कणों से राहगीर व किसान परेशान, हो रहा है नुकसान

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत सरसोत मोड़ एनएच 98 से परसा चुंवा के रास्ते लुकुवा होते नौडीहा बाजार प्रखण्ड के ग्राम महुअरी पत्थर माइन्स में चलने वाले हाईवा वाहनों की धूल कणो से राहगीर व किसान परेशान हैं। उक्त रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ो हाईवा व अन्य वाहनों का परिचालन होता है। इसके बावजूद पानी का छिड़काव नहीं होना नियम का उलंघन है। सड़क किनारे खेती करने वाले किसान भी परेशान हैं। लुकुवा स्थित मौजे में करीब 20 एकड़ जमीन लीज पर लेकर अमरूद का पैदावार कर रहे किसान अजय मेहता कहते हैं कि धूलकणों के चलते लाखों का नुकसान होता है।

# अंकित का सपना अब भरेगा उड़ान



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के महुआटांड थाना अंतर्गत बड़की पुन्नू निवासी अंकित कुमार का सपना अब उड़ान भरने की तैयारी में है। बोकारो जिला प्रशासन की पहल पर अंकित का जिला मुख्यालय स्थित नामचीन कोचिंग संस्थान आइपैक में नामांकन करा दिया गया है। डीसी कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक चंदन झा की उपस्थिति में कोचिन संस्थान के प्रतिनिधि द्वारा अंकित को नामंकन प्रपत्र एवं पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। प्रशासन द्वारा अंकित के आवासन/नोट बूक आदि की भी व्यवस्था करा दी गई है। अब उसके पढ़ाई में कोई रोड़ा नहीं है। द्वय पदाधिकारियों ने अंकित के उज्जवल भविष्य को लेकर अग्रिम शुभकामनाएं दी। वहीं डीसी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अंकित के पक्के मकान को लेकर उसकी मां बिराजू देवी को डॉ भीम राव अंबेडकर आवास स्वीकृत कर दिया है। प्रखंड कार्यालय द्वारा उन्हें आवास स्वीकृति का पत्र भी उपलब्ध करा दिया गया है। अब वह खुद सरकार से प्राप्त राशि का इस्तेमाल कर अपना आवास निर्माण करा सकती है। इसे लेकर अंकित और उसके परिजनों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# बाबा के गुणों को आत्मसात कर समाज को आगे बढ़ने की जरूरत: लक्ष्मण राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति की हुसैनाबाद इकाई के तत्वावधान में गम्हरिया में सोमवार को बाबा चौहरमल जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान और संचालन लल्लू पासवान ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पलामू समिति के पूर्व कार्यालय सचिव अशोक पासवान द्वारा किया गया। वहीं, पूजा में अखिलेश पासवान व उनकी धर्मपत्नी रीता देवी मौजूद थीं। इसके बाद अतिथियों को तलवार व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भोजपुरी दोगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री लक्षमण राम, पलामू जिला परिषद अध्यक्षा प्रतीमा कुमारी, वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू प्रमंडल के अध्यक्ष सुनील पासवान, रामजी पासवान, हुसैनाबाद प्रमुख राजकुमारी देवी,



नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायिका निर्मला यादव व सिरजा पांडेय द्वारा चौहरमल जी की जीवनी से संबंधित गीत गाया गया। इसके बाद दोनों कलाकारों ने कई तरह के गीतों से लोगों का मनोरंजन किया। वहीं, अपने संबोधन में लक्ष्मण राम ने कहा कि वीर बाबा चौहरमल जी का जीवनी गाथा वीरता से परिपूर्ण है। उनके गुणों को आत्मसात कर समाज को आगे बढ़ने की जरूरत है। इस मौके पर वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू प्रमंडल के अध्यक्ष सुनील पासवान, उपाध्यक्ष रामनारायण पासवान, कामता राम, महासचिव रामजी पासवान, संदीप पासवान, संजय पासवान, विनय मांझी, ललन पासवान, अशोक पासवान, विनय पासवान, राम प्रवेश पासवान, विनय पासवा, अरविंद पासवान, रघुनाथ पासवान, ब्रजेश पासवान, बनारसी पासवान, नंदकुमार पासवान, कृष्णा पासवान, बिमलेश पासवान, भरत पासवान, रामजवित पासवान, भरत पासवान, अशोक पासवान, अजय प्रकाश, मिथिलेश पासवान, रामनाथ पासवान श्रमिक, रामजी पासवान और अरविंद पासवान आदि मौजूद थे।

# आर्थिक रूप से तंगहाल आग से झुलसी महिला की मदद को आगे आया इंडियन रोटी बैंक

**घर पहुंच कर ली सूध, उठाया इलाज का पूरे खर्च का बीड़ा**

आजाद सिपाही संवाददाता

## पीड़िता की चाची छतरपुर की विधायक और चाचा पूर्व सांसद, फिर भी इलाज को मोहताज

**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक ने समाज सेवा के जरिए समाज में गहरी पैठ बना ली है। इसी कड़ी में इंडियन रोटी बैंक के डॉक्टरों की संजीवनी टीम ने मानवता का मिसाल पेश किया। सतबरवा प्रखंड के पोची गांव निवासी राजेंद्र भुइयां की अनीता देवी (23) विगत दो फरवरी को आग से बुरी तरह झुलस गई थी। जिसका पैसे के अभाव में इलाज परिजन नहीं करा पाए और घर लाकर ग्रामीण चिकित्सकों से इलाज करा रहे हैं। उक्त खबर जब इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक दीपक तिवारी को मिली तो वे तुरंत पीड़िता के गांव मेडिकल टीम के साथ पहुंच गये। वहां चिकित्सकों की टीम ने पीड़िता की जांच कर दवा दी और बेहतर इलाज के लिए बाहर ले जाने का सलाह दिया। वही इंडियन



रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक दीपक तिवारी एवं राष्ट्रीय प्रभारी सोनू सिंह नामधारी ने पीड़िता के परिजनों को आर्थिक मदद के अलावा खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराया। अनीता देवी पलामू के पूर्व सांसद मनोज भुईयां की सगी भतीजी, जबकि जबकि मनिता की चाची पुष्पा देवी पाटन छतरपुर से भाजपा की वर्तमान विधायक हैं। सूचना मिलने के बावजूद इन दोनों पति-पत्नी को सामाजिक दायित्व का बोध नहीं हुआ। जिस कारण मनीता जिंदगी और मौत से जूझ रही है। मनिता की शादी तीन वर्ष पूर्व लातेहार जिले के बरवाडी थाना क्षेत्र के मुगीर्डीह गांव निवासी दिनेश भुइयां के साथ हुई थी, जो पत्नी को वर्तमान समय में छोड़ चुका है। गरीबी एवं आर्थिक तंगहाली के कारण राजेंद्र भुईयां और उसका पुत्र रोहित भुईया मजदूरी कर बच्ची की जान बचाने में लगे हैं। इनके घर पहुंचे इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक दीपक तिवारी ने बेहतर इलाज कराने का भरोसा दिलाया। इस बाबत दीपक तिवारी ने कहा कि इंडियन रोटी बैंक समाज के किसी भी तबके के लोगों को सहयोग करने के लिए सदैव आगे रहता है। समाज की इस बेटी बहन की जान बचाने के लिए जो भी कदम उठाना पड़ेगा इंडियन रोटी बैंक पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि यहां आने के बाद जब पता चला कि लड़की पूर्व सांसद मनोज भुईयां की भतीजी है तो यह सुनकर मन में थोड़ी तकलीफ जरूर हुई। वहीं, इंडियन रोटी बैंक के सोनू सिंह नामधारी ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज में जो भी हो रहा है उस पर पैनी नजर रखते हुए जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर उनकी समस्या के अनुसार मदद करना है। वहीं, डॉक्टरों की संजीवनी टीम के डॉक्टर चमन प्रीत ने कहा कि इस महिला का कमर से नीचे का भाग 50 फीसदी तक जल चुका है। इसे बेहतर इलाज के लिए बाहर जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसे एक गहन चिकित्सा की आवश्यकता है। जो पलामू में संभव नहीं है। इस मौके पर संजीवनी टीम और आशी लाइफ केअर के डॉक्टर अमित मिश्रा, डॉक्टर चमन प्रीत, झारखंड के वाइस कोऑर्डिनेटर परवेज अख्तर, पलामू कोऑर्डिनेटर मनीष यादव, पलामू के उपकोऑर्डिनेटर राकेश तिवारी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साहिब सिंह नामधारी, चंदन भुइयां जिलाध्यक्ष, पलामू जिला भुइयां समाज, सुनील भुइयां संरक्षक, पलामू जिला भुइयां समाज आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



भारत के युवा ग्रैंड मास्टर डी गुकेश ने फाइनल मुकाबले में पूर्व वर्ल्ड रैपिड चैंपियन उज्बेकिस्तान के नादिरबेक अब्दुसतारोव को हराकर वर्ल्ड शतरंज आमेर्गेडोन एशिया एवं ओसियाना इवेंट का खिताब जीत लिया।

## फाइनल में कड़े मुकाबले में पूर्व वर्ल्ड रैपिड चैंपियन अब्दुसतारोव को हराया

# गुकेश बने वर्ल्ड शतरंज आमेर्गेडोन एशिया एवं ओसियाना के चैंपियन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने फाइनल में पूर्व वर्ल्ड रैपिड चैंपियन उज्बेकिस्तान के नादिरबेक अब्दुसतारोव को हराकर वर्ल्ड शतरंज आमेर्गेडोन एशिया एवं ओसियाना इवेंट का खिताब जीत लिया। इस जीत के बाद गुकेश और अब्दुसतारोव दोनों को सितंबर में होने वाले आमेर्गेडोन ग्रैंड फिनाले में जगह मिली। 16 साल के गुकेश ने रविवार देर रात खेले गए उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में जीत दर्ज की। पहली बाजी में चूकने के बाद गुकेश को दूसरी बाजी में हार मिली। इसके




बाद उन्होंने अतिरिक्त मौके का इस्तेमाल करते हुए अब्दुसतारोव के खिलाफ मुकाबले को दोबारा शुरू कराया। नए मुकाबले की पहली बाजी ड्रॉ रही, लेकिन भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश अगली बाजी में अब्दुसतारोव को हरा कर चैंपियन बने।

### कई दिग्गजों ने लिया था हिस्सा

इस टूर्नामेंट में गुकेश और अब्दुसतारोव के अलावा पूर्व वर्ल्ड क्लासिकल चैंपियन व्लादिमीर क्रैमनिक, डेनिल डुबोव, चीन के यांगयी यू, भारत के विदित गुजराती, कार्तिकेयन मुरली और ईरान के परम माघसोदलो जैसे खिलाड़ी हिस्सा ले रहे थे।

### पिछले साल गुकेश ने रचा था इतिहास

इससे पहले, पिछले साल गुकेश ने एमचेस ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हरा कर इतिहास रच दिया था। वह विश्व चैंपियन को हराने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे।

### पूर्व वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने किया ट्वीट

पूर्व वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने युवा ग्रैंडमास्टर गुकेश की उपलब्धि की सराहना की है। आनंद ने ट्वीट किया, डी गुकेश को बधाई। शानदार उपलब्धि। गर्व है कि गुकेश ने हमें एक बार फिर गौरवांवित किया। गुकेश ने जीत के बाद ट्वीट किया, वर्ल्ड शतरंज आमेर्गेडोन एशिया एवं ओसियाना इवेंट जीतने की खुशी है।

# पीसीबी ने ग्रांट ब्रैडबर्न को नियुक्त किया हेड कोच

**न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में संभालेंगे जिम्मेदारी, पैटिक बने बैटिंग कोच**

एजेंसी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीमित ओवर सीरीज के लिए अपने कोचिंग स्टाफ की घोषणा की है। पीसीबी ने ग्रांट ब्रैडबर्न को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए मेंस टीम का हेड कोच नियुक्त किया है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के एंड्रयू पैटिक को पाकिस्तान टीम का बैटिंग कोच बनाया गया है। ये दोनों 11 अप्रैल को लाहौर पहुंचेंगे। पाकिस्तान टीम की कप्तानी बाबर आजम करेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान पांच मैचों की टी-20 और पांच मैचों की वनडे सीरीज खेलेगा। इस सीरीज से पाकिस्तान के कई अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी होगी। जिसमें स्टार तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी भी शामिल हैं।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान का कोचिंग स्टाफ

बोर्ड ने हेड कोच के रूप में ग्रांट ब्रैडबर्न की नियुक्ति की भी पुष्टि की है। अब्दुल रहमान को सहायक हेड कोच के रूप में नामित किया गया है, जबकि एंड्रयू पैटिक बल्लेबाजी और उमर गुल को गेंदबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया गया है।

### न्यूजीलैंड के लिए 7 टेस्ट खेले हैं ब्रैडबर्न

56 साल के ब्रैडबर्न ने न्यूजीलैंड के लिए 7 टेस्ट और 11 वनडे खेले थे। इससे पहले ब्रैडबर्न स्कॉटलैंड के हेड कोच थे। वहीं, 2018 से 2020 तक वो पाकिस्तान के फील्डिंग कोच की भूमिका निभा चुके हैं।

**दोंनो टीमें : पाकिस्तान टी-20 टीमः** बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), जमान खान, हारिस रऊफ, फहीम अशरफ, इहसानुल्लाह, इमाद वसीम, सईम अयूब, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी , शान मसूद, मोहम्मद रिजवान और इफ्तिखार अहमद।

**पाकिस्तान वनडे टीमः** बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), इहसानुल्लाह, इमाम-उल-हक, मोहम्मद रिजवान, अब्दुल्ला शफीक, फखर जमां, शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ, उसामा मीर आदि।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 11 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


## गर्मी की शुरुआत होते ही धनबाद कोयलांचल समेत विभिन्न जगहों पर शुरू हुई पानी की किल्लत

# आंशिक जलापूर्ति से लोयाबाद में 25 हजार की आबादी त्रस्त

### नौ महीने से मोटर खराब, चार दिन पर केवल 10 मिनट ही पानी देने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद में पेयजल का अकाल हो गया हैं। दो महीने से झमाड़ा की जलापूर्ति आंशिक रूप से हो रही है। चार दिन पर मात्र 10 मिनट पानी चल रहा है। जिससे यहां की करीब 25 हजार की आबादी के कंठ सूखे रह जा रहा है। ग्रामीण प्रतिदिन जलापूर्ति के इंतजार में बैठे रहते है। लेकिन पानी की बूंद नसीब नहीं हो पा रहा है। यहां के लोग करकेंद जलमीनार के पास कई बार गये और विरोध जता चुके है। विभाग कभी बिजली तो कभी मोटर खराब होने का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारियों से किनारा कर ले रहा है। करकेंद जलमीनार से लोयाबाद की जलापूर्ति की जाती है। वहां मोटर खराब बताया जा रहा है। मोटर दो महीने से रिपेयरिंग में गया है। जल्द मोटर दुरुस्त करने की बातें कही जा रही है। उधर, झमाडा की लचर व्यवस्था के खिलाफ लोयाबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं उपभोक्ताओं ने कहा कि लोयाबाद थाने को एक पत्र देकर समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया जाएगा। समाधान नहीं होने पर 13 अप्रैल को सड़क जाम किया जाएगा। पत्र में करीब 50 लोगों के दस्तखत है। चेंब्र के अध्यक्ष राजकुमार महतो व सचिव सुनील पांडेय कहा कि अब बर्दास्त से बाहर हो गया। अधिकारी लोयाबाद के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। दो महीने से मात्र 10 मिनट पानी दिया जा रहा है। लोयाबाद के लोग महीनों से परेशान है। सड़क पर उतरकर विभाग के खिलाफ प्रदर्शन होगा। इस प्रदर्शन में आम लोगों को भी शामिल होने की अपील की जा रही है।



### आज से शुरू होगी जलापूर्ति: एसडीओ

**इस बाबत पूछे जाने पर झमाड़ा कुसुंडा के एसडीओ पंकज झा ने बताया कि मोटर खराब था। मोटर बनने में देर हो गई। आज से जलापूर्ति सुचारू हो जायेगा।**

## रेहवाघाट में गहराया जलसंकट, दामोदर नदी से पानी लाने को मजबूर हुई महिलायें

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नप क्षेत्र के वार्ड संख्या 18 स्थित रेहवाघाट में जलसंकट गहरा गया है। यहां की महिलाएं दो किलोमीटर दूर दामोदर नदी से पानी लाने को मजबूर हो गई हैं। मालूम हो कि फुसरो नगर क्षेत्र अंतर्गत सिंगारबेड़ा, रेहवाघाट, बालूबैंकर, बड़कीटांड़ आदि में अधिकतर चापाकल खराब होकर बेकार पड़े हैं। भूमिगत जलस्तर भी नीचे चले जाने के कारण कुएं सूख गए हैं। इसलिए सुबह होते ही यहां की महिलायें देगची लेकर दामोदर नदी की दौड़ लगाने को विवश हैं। जलापूर्ति की व्यवस्था कराने के लिए नगर परिषद से स्थानीय लोग



कई बार गुहार लगा चुके हैं। इसके बावजूद पाइपलाइन तो दूर वाटर टैंकर की भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। रोजी-रोजगार के चक्कर में पुरुषों के लगे रहने के कारण पानी की व्यवस्था करने के जिम्मेवारी महिलाओं को ही उठानी पड़ती है। बच्चों की देखभाल व घर के कामकाज के बीच दूर नदी से पानी सिर पर ढोकर लाने की मशक्कत करनी पड़ रही है। दूसरी ओर, इसकी सूचना पाकर आजसू नेता संतोष महतो रेहवाघाट पहुंचे और महिलाओं से मिलकर पेयजल की समस्या से अवगत हुए। इसके बाद गिरीडीह के सांसद सीपी चौधरी को वस्तु स्थिति से अवगत कराया। महिलाओं ने कहा कि बस्ती को नगर में शामिल तो कर दिया गया, लेकिन यहां के लोगों को नागरिक सुविधा से वंचित रखा गया हैं। कुछ हद तक लोगों को डीप बोरिंग से पानी मिलता था पर पिछले कई वर्षो से वह भी खराब पड़ा है। नगर लोगों की सुविधा दिलाने में नाकाम साबित हो रही है। महिलाओं ने कहा कि गर्मी में गांव के कुआं भी सूख गए हैं। ऐसे में, नदी ही एकमात्र सहारा है।

## बांसजोडा परियोजना पहुंचे एचएमएस के कोल इंडिया सुरक्षा समिति के सदस्य, लिया जायजा



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। हिंद मजदूर सभा के कोल इंडिया सुरक्षा समिति सदस्य जावेद अख्तर सोमवार को बांसजोडा कोलियरी उत्खनन परियोजना पहुंच कर जायजा लिया। उनके साथ बीसीसीएल केंद्रीय व एरिया के सुरक्षा समिति सदस्य भी थे। टीम खदान के फेस में जाकर एक-एक बिंदु पर जांच की। खदान से संबंधित वैधानिक कागजातों की जांच की। इसके बाद सिजुआ गेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ सुरक्षा संबधित मुद्दों पर वार्ता की। वहीं, अधिकारियों को जांच के दौरान पाये गये खामियों को दूर करने का आवश्यक निर्देश भी दिया। जावेद अख्तर के साथ बीसीसीएल के केंद्रीय सदस्य संजीव सिंह, गोपाल मिश्रा, एरिया के जयप्रकाश पांडेय, हरिद्वार चौहान, सतेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह और अरविंद सिंह शामिल थे। इस मौके पर जीएम अनुप कुमार राय, एरिया सेफ्टी अफसर जेके जयसवाल, आइएसओ के किशोर यादव, पीओ एके झा, प्रबंधक सुनिल कुमार दास, सर्वेयर एसके मित्रा, विनोद सिंह, रामराज भर, रोविंस कुमार, जमसं के रामेश्वर सिंह, फेंकु सिंह, रंजय सिंह, मनोज सिंह और नंदु गोप आदी मौजूद थे।

कार्यालय:– उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

नजारत शाखा

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि **PR** सं0 – **294135 LATEHAR (22-23) D** के द्वारा नया एवं पुराना परिसदन भवन, लातेहार के रख–रखाव एवं संचालन हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई थी। निविदा की शर्तो के क्रमांक 07 में उल्लेख है कि निविदादाता के फर्म का वित्तीय वर्श 2022–23 में टर्न ओवर 50,00,000.00 (पचास लाख) रूपये से उपर होने संबंधी कागजात संलग्न करना होगा, जिसमें वित्तीय वर्ष 2021–22 के स्थान पर भूलवश वित्तीय वर्ष 2022–23 अंकित हो गया है।

अतएव वित्तीय वर्ष 2022–23 के स्थान पर वित्तीय वर्ष 2021–22 पढ़ा जाय।

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

विश्वासभाजन
अपर समाहर्त्ता, लातेहार।

PR 294771 District(23-24)D

## कोरोना के संभावित खतरे को देख डीडीसी ने किया एसएनएमएमसीएच कैथ लैब का निरीक्षण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एक बार फिर कोरोना तेजी से अपना पांव पसारने लगा है। कोरोना के लगातार बढ़ रहे मरीजों की संख्या ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन को चिंतित कर दिया है। इसे देखते हुए सोमवार को कोविड संक्रमित मरीजों का सुचारू रूप से इलाज करने और अस्पतालों में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लेने की लिए डीडीसी शशि प्रकाश सिंह ने शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) के कैथ लैब का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने आईसीयू, पीएसए ऑक्सीजन प्लांट, रसोईघर, ऑटोमैटिक रोटी मेकिंग मशीन, लॉन्ड्री रूम, दवाइयों का स्टोर रूम आदि विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को सभी वार्ड में लाइट, पंखा को दुरुस्त करने, जिस बेड के पास ऑक्सीजन पाइप लाइन का कनेक्शन नहीं है वहां ऑक्सीजन सिलेंडर रखने, खाली ऑक्सीजन सिलेंडरों को रिफिल कराने, पीएम केयर से आए पीएसए ऑक्सीजन प्लांट को चालू स्थिति में रखने आदि का निर्देश दिया। डीडीसी ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश के पर एसएनएमएमसीएच कैथ लैब का निरीक्षण करने पहुंचे हैं। इस दौरान एक मॉक ड्रिल भी कराया गया। उन्होंने बताया कि धनबाद में कोविड संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए 130 ऑक्सीजन सपोर्टेड बैड, 50 वेंटिलेटर तैयार है। इसके अतिरिक्त 250 से 300 और बैड तैयार हैं। सभी पारा मेडिकल स्टाफ, चिकित्सक का रोस्टर भी तैयार कर लिया गया है। बैड के पास ऑक्सिजन की आपूर्ति को भी चेक किया गया। डीडीसी ने तैयारियां पर संतोष जताते हुए बताया कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन इत्यादि में जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा जिससे कोई संक्रमित व्यक्ति किसी अन्य को संक्रमित ना कर सके। निरीक्षण के क्रम सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, डॉ यूके ओझा, एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य, अधीक्षक आदि भी मौजूद थे।

## हाई टेंशन तार की चपेट में आया युवक बुरी तरह झुलसा, लोगों में आक्रोश



**धनसार (आजाद सिपाही)।** झरिया के बस्ताकोला गौशाला मोड़ के समीप 33 हजार वोल्ट के हाई टेंशन तार की चपेट में आने से चिंटी अग्रवाल नामक 38 वर्षीय युवक बुरी तरह झुलस गया। उसके शरीर से धुआं निकल रहा था। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां स्थिति गंभीर देखते हुए उसे रांची रेफर कर दिया गया। उधर, घटना की सूचना जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। **ये है मामला :** गौशाला मोड़ के समीप एक घर के अंदर लगे सुखे पेड़ पर चिंटी नामक चढ़ा हुआ था। हाई टेंशन तार नीचे होने के कारण वह उसकी चपेट में आ कर तड़पने लगा। साथ ही पेड़ भी धू-धू कर जलने लगा। इससे उक्त युवक पेड़ पर ही लटक गया। वहीं, घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय कुछ युवकों ने डंडे से मारकर युवक को पेड़ से नीचे उतारा। स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। इस कारण झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग घंटों बाधित हो गया। इसकी सूचना पाकर झरिया थाने के एसआई सुदर्शन राम सदल बल मौके पर पहुंच अग्निशमन विभाग को सूचना दी और यातायात सुचारू रूप से शुरू कराया। वहीं, कुछ देर बाद अग्निशमन विभाग का दमकल घटनास्थल पहुंचकर आग पर काबू पाया। वहीं, बिजली विभाग की दो सदस्यीय टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया। उधर, स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि उक्त घटना विभाग की लापरवाही का नतीजा है। 33 हजार हाई टेंशन तार घर के छतों पर महज चार से पांच फीट की उंचाई से गुजर रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां रहने वालों की स्थिति क्या होगी, इसलिए बिजली विभाग हाई टेंशन तार को ऊपर कर नेट लगाया जाए। नहीं तो आगे भी अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। दूसरी ओर, एसआई सुदर्शन राम का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिला था कि बस्तकोला गौशाला मोड़ के समीप एक युवक पेड़ पर चढ़ रहा था तभी वह तार की चपेट में आ गया।

## जेल में बंद पूर्व विधायक संजीव सिंह की तबियत बिगड़ी, कड़ी सुरक्षा के बीच अस्पताल में हुए भर्ती

**सूचना मिलते ही पत्नी रागिनी सिंह व सैकड़ों समर्थक हाल जानने पहुंचे अस्पताल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जेल में बंद झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की सोमवार को अचानक तबियत बिगड़ गयी। आनन फानन में उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच एसएनमएमसीएच ले जाया गया। फिलहाल यहां उनका इमरजेंसी वार्ड में इलाज चल रहा। बताया जा रहा कि जेल के अंदर संजीव सिंह ने अचानक सीने में दर्द होने की शिकायत की। जिसके बाद जेल प्रशासन ने जिले के सबसे बड़े अस्पताल एसएनममसीएच ले गए। पूर्व विधायक को फिलहाल सीसीयू में रखा गया है।



### यह है मामला

पूर्व डिप्टी मेयर व अपने ही चचेरे भाई नीरज सिंह सहित चार लोगों की हत्या के आरोप में धनबाद जेल में बंद झरिया के पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह के पति संजीव सिंह को अचानक सीने में दर्द होने लगा। जेल अस्पताल में चिकित्सकों ने उनकी जांच की। इसके बाद उन्हें एसएनएमएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां वरीय चिकित्सकों की देखरेख में इलाह चल रहा। इस बाबत एसएनएमएमसीएच प्रबंधन से संपर्क करने की कोशिश की गई पर सम्पर्क नहीं हो पाया। फिलहाल सीसीयू में इलाजरत हैं।

### खबर मिलते ही पति दो देखने पहुंची रागिनी सिंह

संजीव सिंह की तबियत खराब होने की सूचना मिलते ही परिवार और समर्थकों में हड़कंप मच गया। अपने नेता का हाल जानने सभी एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचे। इसी बीच दर्जनों समर्थकों के साथ रागिनी सिंह भी पति का हाल जानने अस्पताल पहुंच गईं। हालांकि संजीव की तबियत फिलहाल कैसी है इस बाबत खबर लिखे जाने तक किसी को कोई सूचना नहीं है।

### लगातार बीमार रह रहे हैं संजीव सिंह

पूर्व डिप्टी मेयर की हत्या 21 मार्च 2017 में हुई थी। आरोपी बनाए जाने के बाद अप्रैल महीने में संजीव सिंह को जेल भेजा गया था। इजके बाद से ही वे लगातार बीमार रहते हैं। पिछले दिनों दांत में तकलीफ की शिकायत के बाद उन्हें जेल से बाहर लाकर बैंकमोड़ स्थित एक दंतचिकित्सक से उनका इलाज कराया जा रहा था। इस दौरान उन्हें कड़ी सुरक्षा में कई बार बैंक मोड़ चिकित्सक के पास ले जाया गया था। इससे पहले भी तबियत खराब होने से संजीव को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### पुलिस और सीआइएसएफ ने स्थिति को संभाला

## हिलटॉप आउटसोर्सिंग में ग्रामीण एकता मंच का प्रदर्शन, नोकझोंक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** बीसीसीएल एरिया वन क्षेत्र के अंतर्गत संचालित हिल टॉप आउटसोर्सिंग कंपनी में नियोजन की मांग को लेकर ग्रामीण एकता मंच के नेता कन्हाई चौहान और शंकर बेलदार के नेतृत्व में स्थानीय बेरोजगार युवको ने सोमवार को अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन की शुरूआत कर दी। हालांकि आंदोलन शुरू होते ही विरोध भी शुरू हो गया। आउटसोर्सिंग में कार्यरत चालक व अन्य कर्मियों ने अशिन्शितकालीन चक्काजाम का विरोध जताते हुए आंदोलनकारियों के साथ उलझ गए। दोनों और से धक्का-मुक्की भी हुई। सूचना के अनुसार सोमवार की सुबह ग्रामीण एकता मंच के नेता कन्हाई चौहान और शंकर बेलदार के नेतृत्व में आउटसोर्सिंग क्षेत्र व आसपास कई



पंचायत के शिक्षित बेरोजगार युवाओ ने नियोजन की मांग को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जैसे ही हिल टॉप आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्यालय के समक्ष पहुंच कर काम बंद कराया तो आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत चालक व अन्य कर्मियों ने जय प्रकाश यादव के नेतृत्व में विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों में नोक-झोंक हो गई। कंपनी मे कार्यरत चालकों का कहना था कि आपलोग आंदोलन करें या धरना-प्रदर्शन। लेकिन काम को बाधित ना करें। इस दौरान आंदोलन कर रहे ग्रामीण एवं वहां पूर्व से वर्चस्व जमाये यादव गुट के लोगों के बीच काफी नोकझोंक हुई। जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गयी। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर कंपनी के पदाधिकारी के साथ बरोरा और मधुबन थाने की पुलिस के अलावा सीआइएसएफ के जवान मौके पर पहुंच गए और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस एवं बीसीसीएल प्रबंधन की पहल पर आउटसोर्सिंग कंपनी के पदाधिकारियों द्वारा 18 अप्रैल को मामले से संबंधित वार्ता के लिए बरोरा थाना परिसर में बुलाया गया है। कंपनी के इस आश्वासन पर ग्रामीणों ने आंदोलन वापस ले लिया।

कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, चतरा द्वारा शहीद विनय भारती पार्क (कैफेटेरिया सहित) का वित्तीय वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक की बन्दोबस्ती कुल तीन वर्ष हेतु डाक का आयोजन दिनांक– 20.04.2023 को 12:00 बजे अपराह्न में चतरा नगर परिषद्, चतरा के सभागार में किया जाएगा।

| क्र. | सैरात | अवधि | बंदोबस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शहीद विनय भारती पार्क (कैफेटेरिया सहित) | कार्यादेष की तिथि से 03 (तीन) वर्ष तक के लिये | 7,50,000.00 | 75,000.00 |

बंदोबस्ती में भाग लेने हेतु अहर्ता:–
1. वैसे व्यक्ति, ग्रुप या कंपनी जो पूर्व में झारखण्ड क्षेत्रांतर्गत पार्क का संचालन कर रहे हों।
2. बंदोबस्ती में भाग लेने वाली कम्पनी, व्यक्ति या ग्रुप किसी भी विभाग में काली सूची में ना हो।
3. जो भी सफल डाक वक्ता होंगे उन्हे पार्क को मनमोहक और सुन्दर बनाने हेतु प्रस्तुत करना होगा, जिसका खर्च डाक वक्ता को खुद वहन करना होगा।
4. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाक वक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, चतरा के नाम से तिथि से एक दिन पूर्व कार्यालय में जमा करना होगा।
5. किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना किसी कारण बताए ररद् करने का अधिकार नगर परिषद्, चतरा को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।
6. सफल डाक वक्ता द्वारा बिना नगर परिषद कार्यालय की सहमति से स्वीकृत डाक की सम्पूर्ण राशि जमा नही करने या बंदोबस्ती लेने से इंकार करने पर कार्यालय द्वारा उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उनका नाम काली सूची में दर्ज की जायेगी।
7. तीन वर्षो की संतोषप्रद रख–रखाव को देखते हुए बंदोबस्ती राशि में 15% वृद्धि कर अगले दो वर्षो के लिए बंदोबस्ती का अवधि विस्तार दिया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकरी,
नगर परिषद्, चतरा

PR294780 (Urban Development)23-24*D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
SPECIAL WORKS DIVISION
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, RANCHI.

SHORT INVITING QUOTATION NOTICE NO-01/2023-24

Sealed quotations from Reputed Firms/Experienced registered agencies are invited for Environmental Clearance & Pollution board clearance for Proposed Residential Complex for Honourable MLA's in Core Capital Area at Site- 1 HEC Area, Ranchi will scope of works and term and conditions as mentioned below to be sent under registered Cover to the undersigned on or before 1:00 P.M 18.04.2023 at the office of Executive Engineer, Special Works Division, BCD, Ranchi Positively which will be opened on the 19.04.2023 at the time 3.30 P.M of receipt of quotations Preferably in presence of authorized representation of quotations if present at the fixed date and time conditional tender how so ever will not be entertained and will be summarlly rejected.
The rates quoted must be both in figures and words preferably in English language. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.
The quotationers to deposit 5% amount of quoted rates as earnest money in shape of Bank Guarantee or in any approved shape of deposit duly pledged in the name of Executive Engineer, Special Works Division, Building Construction Department, Ranchi (Jharkhand). The successful quotationer will be required to execute an agreement comprising with details of scope of work/system of working with payment systems etc.

Scope of Works
1. Environmental Clearance
2. Pollution Board Clearance

Term and Condition
1. The quotationer shall furnish pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

Executive Engineer
Special Works Division, BCD, Ranchi

PR 294779 Building(23-24)#D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

1. ई–निविदा सं0 :– RE-RDD/SD/HZB/25/2022-23

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RE-RDD/SD/HZB/25/2022-23 | बड़कागांव | बड़कागांव प्रखण्ड के जरजरा चौक से ग्राम पेटोमोढ़ा तक कालीकरण पथ का मरम्मति कार्य। | 9876300.00 | 198000.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.04.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 12.04.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 20.04.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 21.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान एवं समय – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 24.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान:–i) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR.NO.294768 Rural Development(23-24):D

## एमसीएल आनंद विहार कॉलोनी में अष्ट प्रहर नाम यज्ञ का आयोजन

# हरे कृष्ण, हरे राम से गूंजा आनंद विहार





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर/संबलपुर।** एमसीएल आनंद विहार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एमसीएल प्रबंधन के वित्तीय सहायता से एमसीएल शिवपूजा कमिटी द्वारा दिनांक 07/04/2023 से 09/04/2023 तक श्रीश्री इशानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 22वीं अखंड अष्ठ प्रहर नाम यज्ञ का आयोजन किया गया। शनिवार ब्रह्ममुहर्त में श्री नामयज्ञ का शुभारंभ हुआ जो कि रविवार तक चला। इस नामयज्ञ में 7 संकीर्तन्य मंडली ने भाग लिया। संपूर्ण एमसीएल एवं आस पास के नगर वासियों की शांति और सौहार्द्र वातावरण स्थापना के उद्देश्य से एमसीएल के शिवपूजा कमिटी के सदस्यों ने अखंड अष्ठ प्रहर नाम यज्ञ का आयोजन किया। एमसीएल के निदेशक (वित्त) एके बेहुरा एवं महाप्रबंधक (आइइडी) आरपी गुप्ता ने भक्तवत्सल भगवान की पूजा अर्चना की। पूजा कर्ता दीलिप कुमार नायक एवं उनकी सह धर्मिणी लीना नायक और षडवैष्णव की भूमिका में भास्कर साहू, रंजन बारिक, शिशिर जेना, शशि भूषण प्रधान, सूर्यकांत प्रधान, रसानंद साहू निभा रहे थे। 07/04/2023 को रात 11 बजे अधिवास कार्यक्रम हुआ जबकि अखंड नाम का प्रारंभ 08/04/2023 को सुबह 9 बजे में शुभारंभ हुआ एवं 09/04/2023 सुबह 10 बजे समापन होने के साथ साथ होम यज्ञ, नगरभ्रमण एवं बैठकी का कार्यक्रम हुआ। उक्त तीन दिनों तक महामंत्र हरे कृष्ण, हरे राम के ध्वनि से आनंद विहर गूंज उठा साथ ही भक्ति भाव से लोग झूमते रहे। शिवपूजा कमिटी के अध्यक्ष पीके पटेल, सीवीओ के मार्गदर्शन से उक्त तीन दिवसीय नाम यज्ञ कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवपूजा कमिटी के सलाहकार गौर बसंतिआ, हीरालाल विश्वाल, सुधारक सामल, सचिव एवं संयुक्त सचिव गतिकृष्ण नंद, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, देवजराज दास एवं पंकज लोचन साहू, विजय कुमार पाणिग्राही, महादेव साहू, प्रताप चंद्र साहू चंद्र भानु सेठी, विजय पात्र, विजय बारिक, गोपाल बगार, सुदीप्त साहू, लाल मोहन पट्टनायक आदि के सहयोग किया।

# जरपड़ा के पास एक हाथी की दुर्भाग्यपूर्ण मौत पर पूर्व तट रेलवे ने जारी किया बयान

**जाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** 6 अप्रैल 2023 की रात को अंगुल-संबलपुर रेलवे सेक्शन में एक दुखद घटना घटी, जहां बइंडा और जरापड़ा स्टेशनों के बीच ट्रेन दुर्घटना में एक हाथी की मौत हो गई। कुछ मीडिया आउटलेट्स ने रिपोर्ट किया है कि यह घटना रेलवे और वन विभाग के बीच समंवय की कमी के कारण हुई। यहां बताया गया है कि संबलपुर और खुर्दा रोड रेलवे डिवीजन में संभागीय मुख्यालय में वन्यजीव नियंत्रण प्रकोष्ठ काम कर रहे हैं जो संभागीय नियंत्रण को हाथियों की आवाजाही के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं ताकि रेल पटरियों पर वन्यजीवों की आवाजाही सुरक्षित रहे। इस समंवय से रेलवे ट्रेनों को कम गति से चलाता है और वन्य जीवन और ट्रेन संघर्ष से बचने के लिए ट्रैक के एक विशेष खंड पर चलते समय हॉर्न बजाया जाता है। इस विशेष घटना में संबलपुर रेल मंडल में वन विभाग द्वारा संचालित वन्य जीव नियंत्रण प्रकोष्ठ ने सायं 06.30 बजे रेलगाड़ियों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने के लिए मंडल नियंत्रण कार्यालय को एक ज्ञापन दिया। 06/04/2023 को यह उल्लेख करते हुए कि हाथियों की आवाजाही के संबंध में सूचित किया गया था, जिसमें कहा गया है कि बइंडा और जरापडा स्टेशनों के बीच दोनों ओर से 125/00 किलोमीटर से 131/00 किलोमीटर तक 50 किमी प्रति घंटे की गति के साथ दिनांक 06/04 को सैम 06.30 बजे से 07/04 सुबह 06.30 बजे तक ट्रेन का चलना प्रतिबंधित किया गया था। यह जानकारी मिलने पर, रेलवे ने आवश्यक कदम उठाये, और लोको पायलट को निर्देश स्पष्ट रूप से सूचित किये गये, जिन्होंने सावधानी आदेश के माध्यम से उन्हें दिये गये आदेशों का पालन किया। हालांकि, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि दुर्भाग्यपूर्ण घटना उपर्युक्त क्षेत्र से बाहर हुई, विशेष रूप से किमी 131/23-25 पर, जो कि वन विभाग के ज्ञापन के अनुसार हाथी पासिंग जोन से बाहर है।






# तीन सौ शिक्षकों के प्रमाणपत्र निकले फर्जी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सर्टिफिकेट मामले की जांच सभी फर्जी प्रमाणपत्रों की जांच की जा रही है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक ज्योतिरंजन मिश्र ने कहा, "फर्जी शिक्षक अलग-अलग जगहों से पकड़े जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 300 से अधिक फर्जी शिक्षक पकड़े गये हैं। उसके खिलाफ क्या कार्रवाई हुई, कितनी एफआइआर हुई। इन सभी की रिपोर्ट डीइओ और बीइओ को भेज दी गई है। 2 दिन के अंदर रिपोर्ट आ जायेगी। हालांकि, राज्य में फर्जी शिक्षकों और फर्जी प्रमाणपत्रों की जांच में कोई समस्या नहीं है। लेकिन बाहर राज्य के लिए समस्यायें हैं। सरकार की ओर से सभी डीइओ और बीइओ को एसओपी दे दी गई है। बलांगीर के साथ अन्य जिलों से फर्जी शिक्षक पकड़े जा रहे हैं। हालांकि रिपोर्ट आने पर साफ हो पायेगा कि कितने लोगों ने फर्जी सर्टिफिकेट दिये हैं।

# रांची के अजय कुकरेती को बरसुड़ी गौरव सम्मान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के वरिष्ठ पत्रकार, पूर्व क्रिकेटर और अंपायर अजय कुकरेती को बरसुड़ी गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। अध्ययन एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उनका चयन किया गया है। उत्तराखंड में दिनांक 3 और 4 जून को उनके पैतृक गांव में होनेवाले समारोह में यह सम्मान दिया जायेगा जिसके लिए रांची में उनको आमंत्रण पत्र सौंपा गया। अजय कुकरेती ने पिछले साल रांची विश्वविद्यालय की जनसंचार स्नातकोत्तर की परीक्षा में लगभग 90 फीसदी अंक लेकर रिकॉर्ड कायम किया था। साथ ही वह उससे 32 साल पहले जनसंचार की स्नातक परीक्षा के भी टॉपर रहे थे, जिसके लिए उनको गौरव सम्मान दिया जा रहा है। पुरस्कार पाकर अजय कुकरेती ने कहा कि मेरा गांव मुझे सम्मानित कर रहा है, यह मेरे लिए बहुत ही गौरव की बात है।












# तरुण पांडेय कांग्रेस को प्रत्याशी के रूप में एआइसीसी ने घोषणा की



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस ने झारसुगुड़ा उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार का नाम ऐलान किया। पार्टी ने पूर्व विधायक वीरेंद्र पांडेय के बेटे तरुण पांडेय को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खगड़े, एआइसीसी साधारण संपादक मुकुल वासनिक ने एक प्रेस नोट में जानकारी दी कि तरुण पांडेय को उम्मीदवारी की अनुमति दी गई है। बीजू जनता दल (बीजेडी) ने जहां अपने उम्मीदवार की घोषणा पहले ही कर दी है, वहीं बीजेपी ने अभी तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। गौरतलब है कि झारसुगुड़ा उपचुनाव की तारीख की घोषणा के बाद बीजेडी पहली पार्टी थी जिसने अपने उम्मीदवार की घोषणा की थी। पार्टी ने दिवंगत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री नव किशोर दास की बेटी दीपाली दास को उम्मीदवार बनाया है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने यह घोषणा किए थे। गौरतलब है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने 24 मार्च (बुधवार) को झारसुगुड़ा उपचुनाव की तिथि की घोषणा की थी। झारसुगुड़ा उपचुनाव के लिए मतदान 10 मई को होगा। इसके लिए 13 अप्रैल को विज्ञप्ति जारी किया जायेगा। नामांकन जमा करने की प्रक्रिया 20 तारीख से शुरू होगी। पार्थी पत्र जांच की प्रक्रिया 21 से 23 तारीख के बीच पूरी की जायेगी। 24 अप्रैल को नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि है और 13 मई की गिनती होगी।









# एमसीएल ने बच्चों को शिक्षण एवं लेखन सामग्री प्रदान की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**संबलपुर।** सोमवार को वीएसएसयूटी, बुर्ला के छात्रों द्वारा बुर्ला स्थित संस्कार स्कूल के कक्षा पहली से कक्षा बारहवीं तक के बच्चों को अपने व्यस्त समय में से कुछ वक्त निकाल कर मूलभूत सुविधाओं के साथ ट्यूशन पढ़ाने एवं शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं। इस नेक और प्रशंसनीय कार्य से जागृति महिला मंडल बहुत प्रभावित हुई और जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह, उपाध्यक्षा अल्पना शुक्ला राव, सरिता पटेल और रश्मि बेहूरा आदि ने निर्णय लिया कि उन्हें शिक्षण एवं लेखन सामग्री देकर इनकी मदद की जाये। एमसीएल स्थित रजनीगंधा क्लब में जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष, उपध्यक्ष, कार्याकर्ताओं और सदस्याओं की उपास्थिति में चार दरी, चार ग्रीन बोर्ड, चार व्हाइट बोर्ड, स्टैंड्स,नोटिस बोर्ड और स्टेशनरी का समान प्रदान किया गया। यह छोटी सी मदद बच्चों के उज्जवल भविष्य को संवारने में मदद मिलने के साथ-साथ बड़ा मुकाम हासिल करने में कारगर साबित होगी।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**